Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 159 | बुधवार, 11 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पाकिस्तान को लेकर राजनाथ सिंह बोले

# पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछा, हमने कर्म देखकर मारा

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतकवादियों को तो भारतीय सेना ने जवाब दे दिया है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएँ भविष्य में न हों यह बात भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद अहम मुद्दा है।इसलिए मैं समझता हूँ, कि अब सिर्फ सरकारों के स्तर पर नहीं, बल्कि जनता के स्तर पर भी, इस बढ़ रहे आतंकवाद के खिलाफ सतर्क होने का समय है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक सशक्त संदेश में कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर नागरिकों को निशाना बनाया, जबकि भारत ने आतंकवादियों को उनके कर्मों के आधार पर जवाब दिया।उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमलों में आतंकवादियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने पूरे देश को झकझोरा।वह हमला सिर्फ हमारे लोगों पर नहीं था, वह भारत की सामाजिक एकता पर किया गया हमला था।इसके खिलाफ भारत ने



बड़ी और कड़ी कारवाई करते हुए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी अड्डों और उससे जुड़े अन्य इंफ्राट्रक्चर को तबाह कर दिया।यह आतंकवाद के खिलाफ की गई भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी कारवाई है।राजनाथ सिंह ने कहा कि जब तक कश्मीर में धारा 370 थी, तब तक सभी यही कहते थे कि कश्मीर भारत में तो है, पर उसका भारत में पूरी तरह इंटीग्रेशन अधूरा है।प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जब 370 हटाया गया, तब कश्मीर ने भारत के साथ चलना शुरू किया। पिछले साल कश्मीर में 35 लाख से ज्यादा पर्यटक आए थे।ये कोई मामूली बात नहीं है।ये उस भरोसे का संकेत है, जो वहां के लोगों के मन में पहली बार जम्मू एवं कश्मीर की शांति व्यवस्था के लिए बना है।रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतकवादियों को तो भारतीय सेना ने जवाब दे दिया है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएँ भविष्य में न हों यह बात भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद अहम मुद्दा है।इसलिए मैं समझता हूँ, कि अब सिर्फ सरकारों के स्तर पर नहीं, बल्कि जनता के स्तर पर भी, इस बढ़ रहे आतंकवाद के खिलाफ सतर्क होने का समय है।उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा अभिशाप है।

> राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक विकृत मानसिकता है।यह मानवता पर कलंक है।प्रगति के मार्ग में बाधा है।आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का सवाल नहीं है, यह मानवता के मूलभूत मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है।यह उस बर्बर सोच के खिलाफ लड़ाई है, जो सभी मानवीय मूल्यों के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि इतिहास ने बार–बार साबित किया है, कि आतंकवाद का कोई भी लक्ष्य, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे हमेशा हिंसा और डर के बल पर पाने की कोशिश की जाती है।

# लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करें सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया।खरगे ने पत्र में लिखी ये बात उन्होंने कहा कि इस पद का खाली रखना "भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा नहीं है और यह संविधान के प्रविधानों का भी उल्लंघन है।"

उन्होंने कहा, "प्रिय प्रधानमंत्री जी, मैं लोकसभा में उपाध्यक्ष के रिक्त पद को लेकर व्याप्त अत्यंत चिंताजनक मामले की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करने के लिए लिख रहा हूं।संविधान के अनुच्छेद 93 में लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के चुनाव का प्रविधान है। संवैधानिक रूप से उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के बाद सदन का दूसरा सबसे बड़ा पीठासीन अधिकारी होता है।" खरगे ने कहा कि परंपरागत रूप से उपाध्यक्ष का चुनाव नवगठित लोकसभा के दूसरे या तीसरे सत्र में किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव की प्रक्रिया अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के समान ही है। अंतर केवल यह है कि उपाध्यक्ष के चुनाव की तारीख लोकसभा में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के तहत नियम 8(1) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा तय की जाती है। प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में खरगे ने कहा कि पहली से सोलहवीं लोकसभा तक प्रत्येक सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है।

> संविधान के अनुच्छेद 93 में लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के चुनाव का प्रविधान है। संवैधानिक रूप से उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के बाद सदन का दूसरा सबसे बड़ा पीठासीन अधिकारी होता है।"अंतर केवल यह है कि उपाध्यक्ष के चुनाव की तारीख लोकसभा में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के तहत नियम 8(1) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा तय की जाती है।

## 'भारतीयों की जीवनरेखा हैं महासागर

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि महासागर भारतीयों की जीवनरेखा हैं।फ्रांस के नीस में संयुक्त राष्ट्र के तीसरे महासागर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, भारत ने पहले ही हाई सीज पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।इस समय अनुमोदन की प्रक्रिया चल रही है। यह कदम समुद्री जैव विविधता के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह संधि अंतरराष्ट्रीय जल में जैव विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग के लिए वैश्विक समझौता है। अंतरराष्ट्रीय जल को "खुला समुद्र" भी कहा जाता है।यह वैसे जलीय क्षेत्र होते हैं जो किसी भी देश के प्रादेशिक जल क्षेत्र में नहीं आते।जून 2023 में अपनाई गई यह संधि तब लागू होगी जब कम से कम 60 देशों द्वारा इसे अनुमोदित किया

# पीएम आवास पर मोदी की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात

**नई दिल्ली।**




विभिन्न दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और प्रतिष्ठित राजनयिकों से युक्त प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उन सांसदों से मुलाकात की, जो ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के वैश्विक आउटरीच के हिस्से के रूप में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के हिस्से के रूप में विदेश गए थे।डीएमके की कनिमोझी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, रेखा शर्मा और फंगनन कोन्याक, बीजेडी के सस्मित पात्रा और एआईएडीएमके के एम थंबीदुरई सहित कई सांसदों ने नई दिल्ली में पीएम के 7, लोक कल्याण मार्ग पर बैठक में भाग लिया।विभिन्न दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और प्रतिष्ठित राजनयिकों से युक्त प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए 7 मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। पाकिस्तानी हमलों के बाद की सभी जवाबी कार्रवाई इसी ऑपरेशन के तहत की गई। 12 मई को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की स्थापित नीति है, जो भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सैन्य शक्ति में एक नया आयाम जोड़ा है।

> **पाकिस्तान का खोला था काला चिट्ठा**

# कंगाल पड़ोसी की करतूत, पाकिस्तान ने आर्थिक तंगी में भी 20% बढ़ाया रक्षा बजट



**इस्लामाबाद।**

आर्थिक बदहाली और आपरेशन च्सदूर में भारत से शिकस्त झेलने के बाद पाकिस्तान ने अपने रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी की है। मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने रक्षा खर्च में 20 प्रतिशत बढ़त का एलान किया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.55 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में यह रकम 2.12 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान अपने समग्र खर्च को सात प्रतिशत तक घटाकर 17.57 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये कर रहा है।दूसरे शब्दों में कहें तो उसने जनता की बुनियादी सुविधाओं के साथ समझौता करने का फैसला किया है। एएनआइ के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) ने हाल ही में जारी पाकिस्तान के आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर सरकार की कड़ी आलोचना की और इसे गठबंधन के विफल आर्थिक प्रबंधन और देश में गहराते संकट का सबूत बताया है। विपक्षी नेता उमर अयूब खान ने कहा कि वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने आर्थिक रिपोर्ट को "माफी मांगने वाले तरीके" से पेश किया, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन की मुद्रास्फीति, गरीबी और ठहराव से निपटने में असमर्थता उजागर हुई।उन्होंने दावा किया कि केवल तीन वर्षों में तीन करोड़ पाकिस्तानी गरीबी रेखा से नीचे चले गए।

## 11 साल देश के लिए स्वर्णिम काल सीएम यागी बोले

# परिवारवाद की राजनीति जातिवाद को बढ़ावा देती है

**नई दिल्ली।**



योगी ने कहा कि 2014 से पहले, हम एक कमजोर और अस्थिर अर्थव्यवस्था थे - भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था।पिछले 11 वर्षों में, यह ऊपर चढ़ा है और अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उनके नेतृत्व की सराहना की और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत शासन में आए बदलाव और भारत के बढ़ते वैश्विक कद पर प्रकाश डाला। आदित्यनाथ ने कहा कि शासन अब सभी की संतुष्टि और किसी के तुष्टिकरण पर आधारित है; देश ने इसे 11 वर्षों में देखा है,₹ उन्होंने पहले के राजनीतिक मॉडलों के विपरीत लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया। भारत की वैश्विक छवि पर पीएम मोदी के प्रभाव की प्रशंसा करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा, ₹पीएम मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया है और भारत को एक पहचान दी है।उन्होंने मौजूदा सरकार की तुलना पिछली सरकारों से करते हुए कहा, ₹कांग्रेस के 65 साल के शासन और अस्थिर सरकारों में आम लोगों का भरोसा खत्म हो गया था और वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचा था।

> जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 सालों में फिर से बहाल किया है।₹ यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भाजपा 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के शपथ ग्रहण की 11वीं वर्षगांठ मना रही है।देश भर के पार्टी नेताओं ने आर्थिक सुधारों, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की उपलब्धियों को मोदी के कार्यकाल की प्रमुख विशेषताओं के रूप में रेखांकित किया है।

# सिर्फ 3 महीने में दिल्ली बर्बाद हो गई... अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।**

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद हिरासत में ले लिया। दिल्ली पुलिस द्वारा तोड़फोड़ विरोधी अभियान के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी को हिरासत में लिए जाने के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शहर की स्थिति खराब करने का आरोप लगाया।एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में केजरीवाल ने लिखा, ₹उन्होंने सिर्फ तीन महीनों में दिल्ली को बर्बाद कर दिया।दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद हिरासत में ले लिया।



# 'भारत सटीक मौसम पूवार्नुमान में विकसित देशों के समकक्ष पहुंचा':अमित शाह

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले भारत मौसम पूवार्नुमान में काफी पीछे था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश इस मामले में विकसित देशों के समकक्ष पहुंच गया है।बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को प्रभावी बाढ़ प्रबंधन के लिए राज्यों के साथ समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। देश का आपदा प्रबंधन 'जीरो कैजुअल्टी अप्रोच' के साथ आगे बढ़ रहा शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश का आपदा प्रबंधन 'जीरो कैजुअल्टी अप्रोच' के साथ आगे बढ़ रहा है।हमें इस मामले में विश्व में नंबर एक बनना है।उन्होंने देश में बाढ़ की समस्या को कम करने के लिए उठाए जा रहे दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की और पिछले वर्ष की बैठक में लिए गए निर्णयों पर उठाए गए कदमों पर चर्चा की।उन्होंने बैठक में बाढ़ प्रबंधन के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा अपनाई गई नई तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा की।



## संपादक की कलम से

# अच्छे दिन का इंतजार है


ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार ने 9 जून को सत्ता में 11 साल पूरे कर लिए हैं। लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण जनादेश और सरकारी स्थिरता का प्रतीक है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल सबसे लंबा है। उनके मौजूदा कार्यकाल के अभी चार साल शेष हैं। भारत में प्रत्येक प्रधानमंत्री प्रशंसा और साधुवाद का पात्र है, क्योंकि आबादी 50 करोड़ रही हो अथवा अब 146 करोड़ से अधिक, विश्व में सर्वाधिक आबादी है, उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को संतोषजनक रूप से संबोधित करना, हल करने का प्रयास करना, बेहद मुश्किल काम है। बहरहाल मौजूदा मोदी सरकार का प्रथमद्रष्ट्या आकलन करें, तो यकीनन ये बदलाव, विकास और विस्तार के 11 साल हैं। कांग्रेस का इन्हें नाकामियों के 11 साल करार देना स्वाभाविक है, क्योंकि वह प्रमुख विपक्षी दल है, लेकिन इतने लंबे सालों के बाद आज भी अच्छे दिनों का इंतजार है। मोदी सरकार के अनुच्छेद 370 निरस्त करने, तीन तलाक का कानून बनाने, उज्ज्वला योजना, हर नल में जल, महिला वंदन अधिनियम, कश्मीर में दुनिया का सबसे ऊंचे, 359 मीटर, केबल स्टे रेलवे पुल बनवाने और चांद पर सफलता से उतरने से लेकर नोटबंदी, कोरोना तालाबंदी, तीन कृषि कानून, आर्थिक असमानताओं, बेरोजगारी, महंगाई, कुपोषण आदि तक सरकार ने सफलताएं भी अर्जित की हैं और नाकाम भी साबित हुई है, लेकिन सरकार की सक्रियता निरंतर रही है। यकीनन घर–घर शौचालय बनवाना सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। भारत 1947 में आजाद हुआ था। तब से 2014 तक देश की जीडीपी 2 ट्रिलियन डॉलर थी, लेकिन इन 11 सालों के दौरान कुल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर हो गई और भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यह मोदी सरकार का करिश्मा नहीं है, बल्कि देश की बढ़ती आबादी का आउटपुट है। जीडीपी का बुनियादी आधार जनसंख्या होती है, लेकिन चौथी अर्थव्यवस्था वाले देश की प्रति व्यक्ति आय 2.31 लाख रुपए है। विश्व की सर्वोच्च 10 अर्थव्यवस्था वाले देशों में भारत की प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की हालिया रपटों में खुलासा किया गया है कि भारत में करीब 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। नतीजतन गरीबी की औसत दर 5 फीसदी से कुछ ज्यादा तक लुढक आई है। जो रोजाना 250 रुपए के करीब खर्च कर सकता है, उसे गरीब घर आंका गया है। आईएमएफ और विश्व बैंक की रपटों को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन बार–बार यह सवाल उठता रहा है कि यदि भारत सरकार करीब 81 करोड़ गरीब भारतीयों को हर माह मुफ्त राशन नहीं बांटेगी, तो क्या वे भूखों मर जाएंगे? भारत में गरीबी–रेखा के आधार और परिभाषाएं भिन्न हैं, लिहाजा आरएसएस का स्वदेशी जागरण मंच अब भी स्वीकार करता है कि देश में करीब 11 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं। भारत में यह आर्थिक विरोधाभास कब खत्म होगा? या इसे खत्म किया ही नहीं जा सकता? बेशक भारत ने विकास किया है, नतीजतन 11 साल की औसत आर्थिक विकास दर 6.4 फीसदी है। यह विश्व में सर्वाधिक है। भारत में नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है, पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद नगण्य है और जम्मू–कश्मीर में लोकतांत्रिक चुनाव के बाद लोगों की अपनी सरकार अस्तित्व में है। अलगाववाद का सफाया हो चुका है। आतंकवाद के अवशेष अब भी हैं, लेकिन कश्मीर में आमूल परिवर्तन आया है। सवाल बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, स्टार्टअप, स्टैंड अप, मैन्यूफैक्चरिंग, निर्यात को लेकर अब भी हैं। भारत के मात्र 18 शहर इन 11 सालों में कथित रूप से स्मार्ट सिटी की परिभाषा के दायरे में आ पाए हैं। देश के कई हिस्सों में नल के पाइप आदि तो दिखाई देते हैं, लेकिन उनमें जल अब भी गायब है, लेकिन देश में विकास का विस्तार जरूर हुआ है। औसतन 35 किमी हररोज सडक और राजमार्ग बन रहे हैं। अलबत्ता अच्छे दिनों के लिए प्रतीक्षारत जरूर हैं।

मोनिका डागा

## आतंकवाद का घिनौना रूप

कविता



कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस 11 जून 2025-बच्चों के खेलने से उनका शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास तेजी से होता है


गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत की संस्कृति और सभ्यता जिसमें बच्चों के पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है, को हजारों लाखों वर्षों पुरानी होने की बातें प्रिंट मीडिया में चलती रहती है, स्वाभाविक रूप से गिली-डंडा खो-खो, लंगडी, कांचे सहित अनेकों पारंपरिक खेल जो हमने अपने बचपन में खेले थे, वे कई पीढियां से चलते आ रहे हैं, जो आदि अनादि काल का ही होंगे। परंतु आज इनका वजूद शायद मिटने की ओर, यानें विलुप्तता की ओर बढ़ चला है, हालांकि कबड्डी व खो-खो को कुछ हद तक प्रतिसाद मिलते रहते हैं परंतु बाकी खेलों को शायद नहीं मिलता। मेरा मानना है कि जब हमारे माननीय पीएम व गृहमंत्री, आज जब मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग तक पढ़ाई मातृभाषाओं में लागू कर दिया है जिसका उल्लेख माननीय गृहमंत्री ने 9 जून 2025 को तमिलनाडु में एक संबोधन में भी किया। बोलचाल, उनकी लिपियों को संरक्षित रखने की शानदार शुरूआत कर चुके हैं तो, मेरी इस आर्टिकल के माध्यम से अपील है कि अनेकों पौराणिक खेलों की सूची बनाकर उनमें से उचित खेलों को राष्ट्रीय परिपेक्ष में कन्वर्ट करने का संज्ञान लेना समय की मांग है। वर्तमान डिजिटल युग में हम अपनी परंपराओं पौराणिक खेलो सभ्यता की विलुप्तता महसूस कर रहे हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पूरी दुनियाँ 11 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रही है, यह दिवस दुनिया भर में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है, क्योंकि खेल केवल मनोरंजन नहीं होता, बल्कि यह बच्चों को सहयोग, नेतृत्व, समस्या समाधान और रचनात्मकता जैसे जीवन के आवश्यक कौशल सिखाता है। तकनीक के बढ़ते प्रभाव और पढ़ाई के बढ़ते दबाव के कारण बच्चों का खेल समय सीमित होता जा रहा है। ऐसे में यह दिन सभी को याद दिलाता है कि खेल बच्चों के समग्र विकास के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि शिक्षा। बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहन देने उनको सुरक्षित करने इन खेलों का लाभ देने के लिए मनाया जाता है, जिससे बच्चों को शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास पूरी गति के साथ हो सके इन पुराने खेलों को सुरक्षित कर उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक सरकारी प्लेटफार्म बनाया जाए ताकि उनका लाभ बच्चों को दिया जा सके इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बच्चों के खेलने से उनके शारीरिक मानसिक तथा सामाजिक विकास में तेजी से




बढ़ावा होता है। साथियों बात अगर हम बच्चों के जीवन में खेलों के महत्व की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 11 जून को मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के खेल के महत्व को उजागर करने और उनके शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास में खेल की भूमिका को पहचानने के उद्देश्य से मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिन बच्चों को उनके बचपन का मूल अधिकार, खेल सुनिश्चित करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। खेल एक बेहतर दुनिया बनाता है। 11 जून 2025 को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और प्राथमिकता देने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, ताकि सभी लोग, विशेष रूप से बच्चे, इसके लाभों का लाभ उठा सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें। महज मनोरंजन से परे, खेल सभी उम्र के लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक सार्व भौमिक भाषा है, जो राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक- आर्थिक सीमाओं से परे है। यह साझा जुनून समुदाय और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देता है। यह व्यक्तियों में लचीलापन, रचनात्मकता और नवाचार को भी बढ़ावा देता है। विशेष रूप से बच्चों के लिए, खेल संबंध बनाने और नियंत्रण में सुधार करने, आघात से उबरने और समस्या- समाधान में मदद करता है। यह बच्चों को संज्ञानात्मक, शारीरिक, रचनात्मक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल विकसित करने में मदद करता है, जिनकी उन्हें तेजी से बदलती दुनिया में पनपने के लिए आवश्यकता होती है। खेलने के अवसरों को सीमित करना सीधे तौर पर बच्चे की भलाई और विकास में बाधा डालता है। शैक्षिक सेटिंग्स में, खेल-आधारित शिक्षा को छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए एक प्रभावी दृष्टिकोण के रूप में मान्यता दी गई है। यह सीखने को अधिक आनंददायक और प्रासंगिक बनाने में मदद करता है, जिससे प्रेरणा और जानकारी को बनाए रखने में वृद्धि होती है। इसके अलावा, खेल को सहिष्णुता, लचीलापन को बढ़ावा देने और सामाजिक समावेशन, संघर्ष की रोकथाम और शांति निर्माण को सुविधाजनक बनाने पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाला माना जाता है। इसे मान्यता देते हुए, बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने अनुच्छेद 31 के तहत खेल को हर बच्चे के मौलिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित किया है। यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर खेल के महत्व को बढ़ाने के लिए एक एकीकृत क्षण बनाता है। यह दुनिया भर में शिक्षा और सामुदायिक सेटिंग्स में खेल को एकीकृत करने के लिए नीतियों, प्रशिक्षण और वित्तपोषण के लिए आह्वान करता है।

# फंगस केवल फसलों का ही दुश्मन नहीं, वह इंसानों की जान के लिए भी खतरनाक है

एक साइंस जर्नल के मुताबिक, फंगस कृषि आतंकवाद का खतरनाक हथियार हो सकता है। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम नामक एक फंगस विभिन्न अनाजों के विकास को प्रभावित करता है। इससे उपज भी कम हो जाती है। संक्रमित करने के बाद यह फंगस फसल के परिपक्व होने के साथ फैलता जाता है। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम छोटे अनाज के पौधों के तने और जड़ों के ऊतकों, अवशेषों में जीवित रहने और नये पौधों को संक्रमित करने के लिए जाना जाता है। यह माइकोटाक्सिन पैदा करता है जिसका सेवन हानिकर होता है।

बीते दिनों अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने मिशिगन यूनिवर्सिटी में शोधरत चीनी शोध वैज्ञानिक युनकिंग जियांग को गिरफ्तार किया जो अमेरिका में खतरनाक जैविक फंगस फ्यूजेरियम ग्रेमिनिअरम लेकर आई। वैसे फंगस विभिन्न तरह के रोग जैसे हेड ब्लाइट, रूट रौट व सीडलिंग ब्लाइट पैदा करता है। इसकी अधिकांश प्रजातियां मृदाकवक हैं। जबकि फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस गेहूं, धान, मक्का और जौ में हेड ब्लाइट रोग फैलाता है। इससे मुख्यतः वोमिटोक्सिन पदार्थ पैदा होता है जो अनाज दूषित करता है। इससे निकले विषाक्त द्रव्य से हर साल अरबों डॉलर की फसल बर्बाद होती है व उपज कम होती है।


विजय गर्ग

गौरतलब है कि एफबीआई ने पिछले साल जुलाई में चीनी शोध वैज्ञानिक जियान के ब्वायफ्रेंड लियू को उसके बैग में मिले लाल पौधे के पदार्थ के बारे में गोलमोल जवाब देने के बाद डेट्रायट हवाई अड्डे से वापस चीन भेज दिया था। लियू के मुताबिक, उसकी योजना मिशिगन यूनिवर्सिटी की लैब में अनुसंधान के लिए इस सामग्री का उपयोग करने की थी। इसके बाद उसने अपनी गर्लफ्रेंड जियान के जरिये छिपाकर इस खतरनाक फंगस को मिशिगन यूनिवर्सिटी की लैब तक पहुंचाया। लियू पहले इस लैब में काम करता था। फिलहाल वह चीनी यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। एफबीआई निदेशक ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि चीन अमेरिकी संस्थानों में घुसपैठ की साजिश कर रहा है ताकि खाद्य सुरक्षा तंत्र के जरिये बड़ी आबादी को नुकसान पहुंचाया जा सके। इस स्ट्रेन के अनधिकृत आयात से अधिक आक्रामक या कीटनाशक प्रतिरोधी वैरिएंट आने का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण नियंत्रण के उपाय कम प्रभावी होते हैं।

यह खतरनाक फंगस भारत में भी पाया जाता है। अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी आफ मेडिसिन की 2022 की रिपोर्ट की मानें तो उत्तर भारत में गेहूं की फसल में कई बार हेड ब्लास्ट के लक्षण देखे गये। हालांकि हर बार उस पर नियंत्रण पा लिया गया। इसके यहां सक्रिय होने के पीछे जलवायु परिवर्तन अहम कारण है। गेहूं की फसल के लिए इसे बड़ा खतरा माना जाता है। आईसीएआर के 2021 में ?हिमाचल और तमिलनाडु में किए व्यापक रोग- सर्वेक्षण में इस फंगस के बारे में खुलासा हुआ था। इससे गेहूं के दाने में हेड ब्लाइट या स्टैंड की समस्या हुई थी। यही नहीं 2021 और 2022 के बीच रबी सीजन में कर्नाटक कृषि विवि द्वारा किए एक सर्वे में कर्नाटक में हेड ब्लाइट की समस्या देखी गयी। असल में अमेरिका में चीनी वैज्ञानिक द्वारा फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम की तस्करी की घटना ने जहां वैश्विक कृषि सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं चेतावनी भी दी है कि इस तरह मिट्टी, बीज और फसलें भी आतंकवाद के हथियार बन सकते हैं। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस अनाज को सड़ा भी सकता है जिससे इंसान व मवेशियों की जान के लाले पड़ सकते हैं। बेहद सूक्ष्म होने के चलते यह आसानी से पकड़ में नहीं आता और हवा, मिट्टी और बीज के जरिये अपना विस्तार करता है। इसके शुरूआत में लक्षण फसली रोग जैसे होते हैं। इंसानों में जब तक इसका पता चलता है तब तक बहुत देर हो जाती है। यह जैविक युद्ध का मौन हथियार साबित हो सकता है।

# क्या हो गया है इन औरतों को?


प्रियंका सौरभ

जब कोई महिला अपराध में शामिल होती है, तो समाज उसकी परवरिश, चरित्र और कोमलता पर सवाल उठाता है, जबकि पुरुष अपराधियों को अक्सर सहानुभूति या दबंगई का जामा पहनाया जाता है। अपराध का कोई लिंग नहीं होता और स्त्री भी इंसान है – जिसमें अच्छाई-बुराई, स्वतंत्रता और जिम्मेदारी, सब कुछ समाहित है। समाज को चाहिए कि वह स्त्री को देवी या दासी नहीं, बल्कि एक पूर्ण इंसान के रूप में देखना सीखे।

कभी देवी, कभी डायन, कभी कुलवधू, कभी कुलटा – भारतीय समाज में स्त्री की पहचान अक्सर इसी दायरे में सिमटी रही है। और जब कोई स्त्री इन सांचों को तोड़ती है, समाज चीख पड़ता है – क्या हो गया है इन औरतों को? हाल ही में कर्नाटक में एक सेवानिवृत्त ऊॠढ की हत्या में एक महिला का नाम सामने आते ही, यही प्रश्न फिर जुबानों पर चढ़ गया।

मीडिया ने उसे हुस्न की हत्यारन, कातिल ब्यूटी क्वीन, हनीट्रैप जैसे शीर्षकों से नवाजा। जनता चौंकी – इतनी पढ़ी-लिखी होकर भी ऐसा कर सकती है कोई औरत? मानो पढ़ाई-लिखाई से नैतिकता की गारंटी मिलती हो, और स्त्री से अपराध की अपेक्षा ही न की जा सकती हो।

पर क्या अपराध का कोई लिंग होता है? क्या नैतिकता स्त्रियों की बपौती है और अनैतिकता सिर्फ पुरुषों की बपौती?

स्त्रीत्व का पुराना पाठः कोमलता, त्याग और चुप्पी

हमें बचपन से सिखाया गया – लड़कियाँ चुप रहती हैं, गुस्सा लड़कों को शोभा देता है, औरतों का काम घर संभालना है, अच्छी औरत वही जो झुके, बर्दाश्त करे, सहन करे।

लेकिन आज की स्त्री इन चुप्पियों से बाहर निकल रही है। कभी वह अपने अधिकार के लिए बोलती है, कभी जुल्म के खिलाफ खड़ी होती है, तो कभी गलती भी करती है। लेकिन जैसे ही वह परंपरा से इतर कोई कदम उठाती है – समाज तुरंत उसे बिगड़ी हुई, धर्म भ्रष्ट, चरित्रहीन कहने लगता है।

परवरिश पर सवाल – कब, किसके लिए?

कर्नाटक की महिला आरोपी के मामले में सबसे पहला सवाल यही उठा – कहां पर चूक हो गई परवरिश में? मगर क्या यही सवाल तब पूछा जाता है जब कोई पुरुष अपराध करे? जब बलात्कार हो, गैंगवार हो, भ्रष्टाचार हो, तो कोई नहीं कहता – कहां गलती हो गई मर्द की परवरिश में? समाज की नजरों में स्त्री का अपराध एक चरित्र दोष है, जबकि पुरुष का अपराध मजबूरी, गुस्सा, या हालात।

हुस्न से खौफ क्यों?

जिस तरह मीडिया ने ऊॠढ हत्या कांड को प्रस्तुत किया, उसमें अपराध से ज्यादा महिला की खूबसूरती और चालाकी पर जोर था। क्या यह अचरज की बात नहीं कि एक महिला अगर बुद्धिमत्ता से अपराध करे, तो वह साजिशकर्ता कहलाती है, लेकिन वही बुद्धिमत्ता अगर किसी पुरुष अपराधी में हो, तो वह मास्टरमाइंड बन जाता है?

कहीं यह स्त्री की बढ़ती बौद्धिक, सामाजिक, और आर्थिक स्वतंत्रता से हमारा डर तो नहीं?

कोमल भावना मर गई या आत्मरक्षा जाग गई?

हम कहते हैं – कहां मर गई स्त्री की कोमल भावना?

लेकिन यह सवाल तब क्यों नहीं उठता जब हर 15 मिनट में एक स्त्री घरेलू हिंसा का शिकार होती है, जब दहेज के लिए जलती हैं बेटियाँ, जब किसी छात्रा को इंस्टाग्राम पर ब्लैकमेल कर आत्महत्या पर मजबूर कर दिया जाता है?

स्त्री कोमल थी, है और रहेगी – लेकिन अब वह सिर्फ दया की मूर्ति नहीं रहना चाहती। वह अपनी रक्षा करना जानती है। वह पूछती है – हमारे लिए कोमल भावना मांगने वाला समाज, खुद कब कोमल था?

अपराधी स्त्री या स्त्री अपराधी?

कर्नाटक कांड हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या स्त्री का अपराध उसे स्त्री होने के अधिकार से वंचित कर देता है? क्या वह फिर सिर्फ अपराधी नहीं, बल्कि समाज की गिरती नैतिकता की मिसाल बन जाती है?

पुरुषों के अपराध को कभी-कभी बहादुरी, राजनीति, दबंगई या फिल्मी नायकत्व की तरह ॅङ्कश्८ किया जाता है – लेकिन स्त्री अगर गलती करे, तो वह पाप की देवी बन जाती है।

क्या समाज तैयार है आजाद स्त्री के लिए?

यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारा समाज वास्तव में एक स्वतंत्र, सोचने-समझने वाली स्त्री के लिए तैयार है? नहीं, क्योंकि हमें अब भी वही स्त्री चाहिए जो संकोच में रहे, पर्दे में रहे, प्रेम छिपाकर करे, और गुस्सा पल्लू में छुपा ले।

लेकिन आज की स्त्री प्रेम भी खुलकर करती है, विद्रोह भी, और विरोध भी। वह रिश्तों में भी बराबरी चाहती है और समाज में भी।

# पुरस्कार वितरण व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाप्त हुआ समर कैंप

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में समर कैम्प का समापन समारोह पुरस्कार वितरण व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम कि अध्यक्षता बूढ़ी बेलहर के शिक्षक एजाज अहमद व संचालन नोडल शिक्षक कमर आलम सिद्दीकी ने किया। समर कैंप के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा स्मृतिचिन्ह, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि समर कैम्प से बच्चों को अपने कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चों को अपने दोस्तों के साथ मिलकर काम करने और एक साथ समय बिताने का मौका देते हैं, जिससे उनमें समूह भावना का विकास होता है। बच्चों को शैक्षणिक विषयों में अतिरिक्त मदद और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। समर कैंप के सफल आयोजन के लिए नोडल शिक्षक कमरे आलम सिद्दीकी व जुबेर अहमद को सम्मानित किया गया। अभिभावक मोहम्मद शाहबाज अहमद व सरफराज अहमद ने कहा कि समर कैंप से बच्चों का समग्र विकास होता है। समर कैंप ने हमारे बच्चों का उत्साह बढ़ा दिया है। इस तरह का कैंप आगे भी लगना चाहिए। दुधारा विद्यालय में हो रहे बदलाव से स्थानीय अभिभावक अत्यंत खुश हैं। समापन समारोह में प्रतिभागी छात्र शाहिना खातून, उम्मे कुलसुम, अंजनी, अंजुम, सुंदरी, मधु चौधरी, राधिका गौतम, पूनम, अर्शिया फिरदौस, नूरमा खातून, सत्यम कुमार, अनुराधा, अफीफा खातून, प्रिंस जायसवाल, कंचन, आयशा खातून, साहिबा, अवधेश सहित अनेक को शानदार प्रदर्शन करने के लिए स्मृतिचिन्ह, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, अतीक अहमद, अताहरुल बारी, नूर आलम, नफीस अहमद, तरीकत हुसेन, मोहम्मद परवेज अख्तर, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# संत कबीर साहेब की जयंती पर आज निकाली जायेगी शोभायात्रा

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** भुइयार समाज उत्थान समिति बिजनौर के तत्वावधान में आज प्रातःकाल 11 बजे से सद्गुरू कबीर साहेब जी के 628 वें प्रकट्योत्सव पर शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में पूर्व सांसद एवं वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कोरी समाज धनश्याम अनुरागी मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत अध्यक्ष झांसी एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कोरी समाज पवन कुमार गौतम विशिष्ट अतिथि होंगे। शोभायात्रा नुमाइश ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर कचहरी रोड, विकास भवन, रोडवेज चौराहा, डाकघर चौराहा, नगर पालिका चौक, सिविल लाइंस, शक्ति चौक होते हुए राजमिलन बैंक्वेट हॉल पर सम्पन्न होगी। समिति पदाधिकारी करनपाल सिंह भुइयार, सुभाष भुइयार, पवन भुइयार, महेश प्रधान, बलजीत भुइयार, शेर सिंह, नरेन्द्र कुमार, ओमकार सिंह, राजपाल भुइयार, संदीप सिंह आदि व्यवस्था में रहेंगे।

# यात्रियों को ठंडे पानी की बोतल वितरित की



राजीव चौधरी गुर्जर

**चुड़ियाला।** भीषण गर्मी मे राहत दिलाने के लिए निवासी ग्राम गडौला के लड़को ने रेलवे स्टेशन चुड़ियाला पहुंच कर यात्रियों को ठंडे पानी की बोतल वितरित की गांव गडौला के युवा लड़के भी भीषण गर्मी में आने वाले यात्रियों की सेवा लगे जहां स्थानीय लोग प्रशंसा कर रहे हैं तो वही गडौला वासियो की यात्रियों ने भी की प्रशंसा इस मौके पर चौधरी ओंमकार सिंह गुर्जर चौधरी मोहर सिंह गुर्जर चौधरी अर्जुन सिंह गुर्जर व चौधरी संदीप गुर्जर व गुरमीत गुर्जर शुभम गुर्जर रिकुल गुर्जर बिलेद्र गुर्जर आर्यन गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी शाहबाद द्वारा थाना शाहबाद का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



रामपुर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शाहबाद द्वारा थाना शाहबाद का त्रैमासिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, ऑर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर, फ्लाई शीट, रजिस्टर नं0-8 व अन्य अभिलेखों तथा थाना परिसर में बने थाना कार्यालय, जी0डी0 कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हैल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, भोजनालय, आगन्तुक कक्ष, शौचालय व विवेचना कक्ष आदि का मुआयना कर साफ- सफाई को चैक कर संबंधित को निम्न आदेश-निर्देश दिये गये मिशन शक्ति के अन्तर्गत चलाये जा रहे विभिन्न अभियान, महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु स्थापित महिला हेल्पडेस्क के प्रभावी क्रियान्वयन व महिला बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की कार्यवाही कराये जाने व महिला बीट कर्मियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओ को नियमित रुप से जागरुक किया जायें। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर अभिलेखो को चेक कर आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम, पता, मो0नं0 एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख करने तथा समस्या के निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के विवरण का स्पष्ट उल्लेख करने एवं लम्बित महिला सम्बन्धी अपराधों में प्रभावी रुप से कार्यवाही करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना स्तर पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतापूर्वक गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया जाये। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर लम्बित प्रार्थना पत्रों को समयावधि में निस्तारित किया जाये। अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र गुण-दोष के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। भूमि-विवाद सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण किया जाये। विभिन्न ऑनलाइन पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना पर आगन्तुको के लिए उचित व्यवस्था एवं समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थाना परिसर की साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रखरखाव एवं उनमें अंकित की जाने वाली पृवष्टियों व थाने पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरो को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# स्कूल घाटमपुर में समर कैंप के अंतिम दिन एसडीएम मुख्यालय विकास वर्मा ने अमरूद के पौधे का पौधारोपण किया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर समर कैंप के अंतिम दिन हुआ एसडीएम द्वारा पौधारोपण समर कैंप उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान से पुरस्कृत हुआ सैदनगर का कंपोजिट स्कूल घाटमपुर मंगलवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में समर कैंप के अंतिम दिन एसडीएम मुख्यालय विकास वर्मा ने अमरूद के पौधे का पौधारोपण किया। समर कैंप के बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में लगे विभिन्न पेड़ पौधे विद्यालय के भौतिक वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इससे पर्यावरण को भी लाभ पहुंचता है और हमारे विद्यालय का भौतिक वातावरण भी स्वस्थ रहता है जिससे बच्चों का मन पढ़ाई में लगन के साथ लगता है। इस अवसर पर चिरंजीव गुड्डू, खुर्शीद अहमद, अहमद अली उपस्थित रहे।

# सरकार की एक नई पहल 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना'

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सरकार के मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत कम से कम कक्षा-08 पास एवं 21 से 40 वर्ष के युवा अपना मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर जैसे फूड प्रोसेसिंग, होम केयर प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल, पेपर एंड अलाइड प्रोडक्टस, प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी, सीमेंट एंड अलाइड प्रोडक्ट, एग्री एंड एग्री फूड बिजनेस, वुड एंड वुड प्रोडक्ट, स्पोर्ट्स एंड हॉबीस, रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, हाउसहोल्ड प्रोडक्ट्स, स्मॉल बिजनेस मॉडल, पर्सनल केयर एंड वेलनेस, टेक्सटाइल एंड अपैरल, केमिकल एंड पॉलीमर, हेल्थ करयर एवं ग्रेन मिलिंग आदि उत्पादन या सेवा का व्यवसाय खोलने के लिए सरकार की ओर से 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही साथ इस योजना में 10 प्रतिशत की सब्सिड़ी भी उपलब्ध हैं।योजना में आवेदन करने हेतु ेरी.४स्त्र.ङ्ग५.ल्ल की वेबसाईट पर जाकर, आप स्वयं कर सकते हैं या किसी भी जन सुविधा केन्द्र पर जाकर करा सकते हैं। इस योजना के लिए अधिक जानकारी हेतु अपने ब्लॉक / तहसील स्तरीय अधिकारियों या नगर पालिका / नगर पंचायत कार्यालय मैं जाकर सम्पर्क कर सकते हैं या विकास भवन के कमरा न० 124 में सम्पर्क कर सकते हैं या युवा हेल्प लाइन नम्बर 09129987111 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा दी गई है।

## पीआरवी 1483 द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 1483 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत देवडीह से कालर द्वारा बाइक से साइकिल में ठोकर लगने के कारण दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति (1.हरिश्चन्द्र पुत्र सम्पत सा0 रक्शाकोल थाना बखिरा जनपद सन्तकबीरनगर) के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर दुर्घटना में घायल उक्त व्यक्ति को ईलाज हेतु 108 एम्बुलेन्स की सहा ?ता से जिला अस्पताल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर घायल को ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

# अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की मीटिंग आयोजित की गई




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की तहसील स्याऊ समीप संगठन के कार्यालय पर एक मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में अनिल शर्मा ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सक्रिय पत्रकारों को संगठन में शामिल करने को सभी साथियो से आव्हान किया। अनिल शर्मा ने कहा कि मैं संगठन के सभी साथियो के लिए हर समय तत्पर हुँ मेरे रहते हुए किसी भी पत्रकार साथी का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं होगा। सभी को सम्मान दिलाना मेरी जिम्मेदारी है। मीटिंग की अध्यक्षता अनिल शर्मा ने तथा संचालन मोहम्मद अरशद ने किया। मीटिंग में मोहम्मद अरशद को जिला महासचिव का पद भी सोपा गया। जिसकी सभी साथियों ने सराहना की। इस मौके पर राष्ट्रीय सह सचिव विनोद शर्मा, मोहम्मद नबाब, अमित शर्मा, मोहम्मद अरशद, जोगेंद्र सिंह, फैसल शेख, मौलाना शाहिद कासमी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# आनंद एनजीओ ने बच्चों के साथ मनाई धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ

वेलकम इंडिया

आनंद एनजीओ ने हाल ही में दो विशेष आयोजन किए, जिनमें 100 बच्चों ने भाग लिया। पहले आयोजन में, एनजीओ ने रुद्राभिषेक और हवन का आयोजन किया, जो एक धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधि थी। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना और उन्हें आध्यात्मिक मूल्यों से अवगत कराना था। इसके अलावा, आनंद एनजीओ ने अपनी 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर 100 जरूरतमंद और मासूम बच्चों के साथ एक विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर एनजीओ ने बच्चों को केएफसी में शाकाहरी भोजन कराया और उनके साथ खुशियों के पल बिताए। यह आयोजन न केवल एनजीओ की उपलब्धियों का जश्न था, बल्कि यह बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने का भी एक प्रयास था। आनंद एनजीओ की यह पहल सराहनीय है और इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। एनजीओ की ये गतिविधियाँ बच्चों को न केवल अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें सामूहिकता की भावना का अनुभव करने का भी मौका देती हैं।



# 20 दिवसीय समर कैंप ब्लॉक के 62 विद्यालयों में संपन्न

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में चल रहा 20 दिवसीय समर कैंप मंगलवार के दिन संपन्न हुआ।

विकास खंड सेमरियावां के62 जूनियर हाई स्कूल और कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप का संचालन किया गया।जिसमें सेवित बस्ती के छात्र छात्राओं बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया।पीएम श्री विद्यालय बाघनगर,महुआरी,सेमरियावां,दुधारा,भरवालिया बुधन, पचड़ेउरा , चिउटना,करही, करमा खान, दानुकोइया, सालेहपुर ,देवरिया लाल , बुढ़ान नगर,छपिया छितौना, बिगरा आदि परिषदीय विद्यालयों में चल रहे समर कैंप का मंगलवार को पूरे समारोह पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और नियमित उपस्थित होने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह ने बताया कि 21 मई से 10 जून तक चलने वाले समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक कौशल व जीवन कौशल का विकास करना था। कैंप से बच्चों में सहयोग, टीम वर्क, समस्या समाधान, तार्किकता, नेतृत्व व आपसी सामंजस्य जैसे कौशल, सामाजिक व सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ी है। समर कैंप बच्चों के लिए सीख व दोस्ती भरी यात्रा रही।बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कैंप में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के 62परिषदीय विद्यालयों में आयोजित समर कैंप में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों पोस्टर निर्माण,पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण,हम सब एक है ,लोक गायन,समूहगीत और चित्रकला प्रतियोगिता,कहानी निर्माण आदि कार्यक्रम में शिक्षा मित्र , अनुदेशको और शिक्षकों का सहयोग रहा। समर कैंप के समापन के अवसर पर विद्यालयों पर अभिभावकों और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें बच्चों एवं अभिभावकों से समर कैंप के संबंध में अनुभव साझा किए गए। समर कैंप को लेकर अभिभावकों व बच्चों में उत्साह देखा गया।

# लो वोल्टेज से मिले निजात नहीं तो होगा धरना प्रदर्शन शेख मोहम्मद कैफ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर किरतपुर पिछले काफी दिनों से बिजली ओवरलोड होने से खेतों में तार टूट कर गिर जाने से ग्राम भनेड़ा वासियो को बिजली की काफी किल्लत हो रही थीं। परंतु ग्राम पंचायत भनेड़ा से प्रधान पद के उम्मीदवार शेख मोहम्मद कैफ द्वारा अपनी टीम के साथ रात्रि में ही मौके पर पहुंचकर तार सही कर दिए गए थे। जिससे ग्राम वासियों को बिजली से राहत मिली थी, परंतु पिछले तीन-चार दिनों से ग्राम भनेड़ा में बिजली ओवरलोड के चलते ग्रामीणों को लो वोल्टेज की काफी दिक्कत हो रही थी। जिसके चलते आज ग्राम भनेड़ा के युवक ग्राम पंचायत भनेड़ा के प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी शेख मोहम्मद कैफ के नेतृत्व में किरतपुर बिजली घर पहुंचे जहां पर उन्हें कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं मिला जिसके चलते युवक वहां से निराश होकर अपने घर लौट आए। वहीं शेख मोहम्मद कैफ ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि अगर किरतपुर बिजली घर के अधिकारियों द्वारा भनेड़ा वासियो को तार टूटने एवं लो वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो मुझे मजबूरन होकर ग्राम वासियों के साथ किरतपुर बिजली घर पर धरना दूंगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस मौके पर शेख मोहम्मद कैफ, मोहम्मद शान ,मोहम्मद मुस्लिम ,वसीम अहमद, वकील अहमद, मोहम्मद अनस, मोहम्मद शादाब बिजली वाले, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद रिहान आदि मौजूद रहे। वहीं सोशल मीडिया पर ग्राम पंचायत भनेड़ा के प्रधान पद के युवा उम्मीदवार दय्यान अब्बास नकवी द्वारा एक पोस्ट वायरल की जा रही है। जिसमें भनेड़ा ग्राम वासियों को ग्राम भनेड़ा की बिजली की समस्या को लेकर बुधवार की सुबह 10:00 बिजली घर पहुंचने का आह्वान किया गया है। जब इस संबंध में हमारे तहसील प्रभारी शाहनवाज अहमद ने किरतपुर बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर से बात की तो उन्होंने बताया मैं छुट्टी पर हूं। ग्राम भनेड़ा की लो वोल्टेज की समस्या मेरे संज्ञान में है। कस्बा जूनियर इंजीनियर मशीन में आई तकनीकी खराबी जांच रहे हैं। उम्मीद है एक-दो घंटे में ग्राम भनेड़ा में लो वोल्टेज की समस्या खत्म हो जाएगी।

# सुधार तो बहाना, मंदिरों को है कब्जाना ?

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के अलग अलग हिस्से को कब्जा करने के लिए अलग अलग स्वांग रचे कहीं डॉक्ट्रिन ऑफ लेप्स, कहीं सब्सिडियरी एलायंस तो कहीं सरकार की अक्षमता, लार्ड डलहौजी ने अवध पर कब्जा करने के लिए यही अंतिम बहाना बनाया बाकी आगे की कहानी आपके सामने है।

इसी तरह हमारी सरकार ( न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) भी अंग्रेजों से गुण उत्तराधिकार में लिए हुए हैं और अपनी असफलता को छुपाने के लिए अनेकों स्वांग रचती है, एक तरफ बी एस एन एल, इंडियन एयरलाइन जैसी अनेकों कंपनियों की खराब हालत की वजह से उसमें विनिवेश या उन्हें पूरी तरह से बेच देते हैं वहीं दूसरी ओर मंदिरों को लो हैंगिंग फ्रूट मानते हुए उनपर धावा बोलते हैं और कारण बताते हैं कुप्रबंधन। सरकार जहां एक ओर जबरदस्ती मंदिरों में घुस रही है जो कि एक धार्मिक और सामाजिक संपत्ति है वहीं दूसरी ओर अन्य धर्मों की संस्थाओं में सरकार की कोई दखलंदाजी नहीं, अनेकों मंदिरों को सरकारों द्वारा विवादित, कु प्रबंधित और संरक्षित की श्रेणी में रखकर अपने कब्जे में लिए गया है और वहां अपने राजनीतिक नुमाइंदे पदों पर बैठा दिए हैं, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह खुद मंदिर के ट्रस्टी बने हुए हैं, एक तरफ सरकार अपने कार्यों का तो निजीकरण चाहती है और दूसरी तरफ मंदिरों का राष्ट्रीयकरण करती जा रही है। कोर्ट भी सेवायत समुदायों के झगड़ों की आड़ में मंदिरों का दोहन करती रही है और अपने यहां चल रहे मुकदमों को लंबा खींचती रही है, जिससे मंदिर और भगवान दोनों कोर्ट के इशारों पर चलें। वृंदावन के बांके बिहारी, गोवर्धन के गिरिराजी, बरसाने की राधारानी सभी छद्म रूप से कोर्ट के अधीन हैं। बाकी देश भर में देखें तो सबरीमाला, तिरुपति, सोमनाथ एवं ऐसे ही हजारों मंदिर सरकारों ने अपनी अपनी जेब में कर रखें हैं। और खराब व्यवस्था का हवाला देने वाले न्यायाधीश यह भूल जाते हैं कि सबसे ज्यादा अगर इस देश की कोई व्यवस्था खराब है तो वो है न्यायपालिका की, जहां लोग न अपनी मर्जी से आते हैं और न ही अपनी मर्जी से वापस लौट पाते हैं और करोड़ों भारतीयों का जीवन कोर्ट कचहरी के चक्कर काटकर गुजर जाता है। अगर इस देश सबसे पहले किसी सुधार की आवश्यकता है तो वो है न्यायिक सुधार, राजनीतिक सुधार और पुलिस सुधार की मंदिरों को सरकार को भगवान, सेवक और भक्तों के हवाले कर देना चाहिए। बाकी पुरोहित समुदायों को भी अपने काम को एक दैवीय कार्य मानते हुए उसे करना चाहिए न कि सिर्फ एक धनोपार्जन का जरिया मानना चाहिए उनकी नैतिक जिम्मेदारी न्यायाधीशों से कम नहीं।

# पानी को लेकर हुई मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** नजीबाबाद (बि.टा.) नगर के कोतवाली मार्ग पर स्थित सिद्ध बली विहार में पानी को लेकर हर्ष कुमार पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मार्ग पर स्थित सिद्ध बली विहार में लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय विकास कुमार निवास करती है। जहां पर आठ जून की सुबह लक्ष्मी देवी अपना समरसेबल चलाकर सफाई कर रही थी जिसका कुछ पानी नाली नहीं होने की कारण अरविंद कुमार की ओर चला गया, इसके बाद अरविंद कुमार उसकी पत्नी शोभा व उसका बड़ा लड़का अमन कुमार लक्ष्मी देवी के दरवाजे पर आकर दरवाजा खटखटाते हुए महिला के साथ गाली गलौज करने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर लक्ष्मी देवी का लड़का नमन कुमार दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने को मना करने लगा, तभी अरविंद कुमार ने अपने लड़के के साथ मिलकर नमन कुमार को खींचकर मारना शुरू कर दिया और अरविंद कुमार की पत्नी शोभा ने लक्ष्मी देवी के बाल पड़कर सड़क पर खींचकर उनके कपड़े फाड़ दिए, इतने में ही लक्ष्मी देवी का बड़ा लड़का हर्ष कुमार जाकर बीज बचाव करने की कोशिश करने लगा, जिस पर अरविंद कुमार तथा उसके बड़े लड़के अमन कुमार ने मजबूत लकड़ी से वार कर दिया जिसमें हर्ष के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने अपने दोनों बेटों के साथ रिपोर्ट दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई और कठोर कार्यवाही की मांग की।

# केंद्रीय जीएसटी में केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम दिया ज्ञापन, समस्याओं का हो समाधान

**वेलकम इंडिया**



झांसी आज देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कैट के राष्ट्रीय स्तर पर संपूर्ण जिला मुख्यालयों पर आज उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल संजय पटवारी ने केंद्रीय जीएसटी में विभिन्न मांगों के संदर्भ में देश के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को एक ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर डिप्टी कमिश्नर केंद्रीय जीएसटी श्रीमती प्रभा भंडारी को दिया एवं विभिन्न मांगों के साथ जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने के लिए कहा गया जिसमें प्रमुख रूप से धारा 107 के तहत कठोर समय सीमा के कारण वास्तविक करदाता योग्यता के आधार पर अपील की सुनवाई नहीं करवा पाते हैं। व्यावसायिक कठिनाइयों के दौरान पिछले रिटर्न दाखिल करने में असमर्थता के कारण एमएसएमई को बड़ी विलंब शुल्क और कार्यशील पूंजी अवरोध का सामना करना पड़ता है। कानपुर से किए जा रहे ऑडिट के कारण झांसी के करदाताओं को रसद और वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ता है। जीएसटी पोर्टल के बजाय ऑफलाइन नोटिस जारी करने से पारदर्शिता और ट्रैकिंग की कमी होती है। जुलाई 2024 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद रॉयल्टी पर जीएसटी लागू होने पर कानूनी अस्पष्टता के बावजूद अचानक मांग और दंड जारी किए जा रहे हैं। खरीदारों की सुरक्षा का समर्थन करने वाले कई न्यायालयों के फैसलों के बावजूद, आपूर्तिकताओं द्वारा चूक के लिए खरीदारों को दंडित किया जा रहा है।

# पुलिस लाइन, बिजनौर स्थित परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर में दिनांक 10 जून 2025 को श्री मुनिराज जी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र (मुरादाबाद) द्वारा पुलिस लाइन, बिजनौर स्थित परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने हेतु टोलीवार ड्रिल का आयोजन किया गया। परेड उपरांत पुलिस वाहनों, ड्रोन कैमरे आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) की मासिक बैठक आयोजित




**वेलकम इंडिया**

**टांडा जिला रामपुर।** अपना दल (एस) की स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर कार्य करने का आह्वान किया गया। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शरीफ जमील ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कार्यकताओं को निर्देश दिए हैं कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और उनका समाधान करें। शरीफ जमील ने स्थानीय विधायक शफीक अहमद अंसारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की जनता के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक ने प्रशासन और सरकार के साथ मिलकर टांडा और स्वार के लिए दो बाईपास मंजूर करवाए हैं, जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी और सड़क हादसों में कमी आएगी। बैठक में अकबर अली, रिवायत अली, पूर्व सभासद मोहम्मद जावेद, मेहबूब प्रधान, डालचंद सैनी, अरशद अली, प्रदीप और मोहम्मद हसन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छाता पब्लिक हेल्प सेंटर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया पत्रकार सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता।** नगर के सुप्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर के प्रांगण में पब्लिक हेल्प सेंटर चेरिटेबल ट्रस्ट छाता द्वारा नगर के सभी वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। सौरभ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया देश के चौथे स्तंभ मीडिया का कार्य देशहित में सराहनीय रहता है जो सत्य निष्पक्ष जानकारी देश किं जनता को अवगत कराते है। शुभम वार्ष्णेय द्वारा सभी पत्रकार बंधुओं को स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र उड़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में गौरव अविरल शास्त्री, शुभम वार्ष्णेय, पवन सोनी, गजेंद्र सिंह, मुकेश सिंह ठाकुर, तुसार शर्मा आर्यन शर्मा मुकेश दीक्षित मनोज कुमार आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर ठोंकर मारने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के महदेव निवासी एक व्यक्ति ने मोटरसाइकिल सवार पर लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाकर ठोंकर मारने का आरोप लगाया हैं। मुकामी पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना दुधारा क्षेत्र के महदेव निवासी कपिलदेव पुत्र सनाथ ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि 9 जून को प्रार्थी का लड़का नीरज कुमार अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रिश्तेदार के यहां अपनी मोटरसाइकिल डीएल 35 ई 5660 से घर वापस आ रहे थे 10.30 बजे पिड़वा चौराहे सीवान पर पहुंचे कि पैड़ी की तरफ से तेज रफ़्तार मोटरसाइकिल यू पी 51 बी यू 0541 के चालक ने ठोंकर मार दिया। जिससे नीरज कुमार, उसकी पत्नी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी सेमरियावां ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बस्ती सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुअसं 198/25 धारा 281, 125(), 125() बी एन एस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# राजपाल यादव ने शादी की 22वीं सालगिरह पर पत्नी राधा संग शेयर की तस्वीर

**सनी कुमार केसरवानी**



**प्रयागराज।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने अपनी 22वीं शादी की सालगिरह पर पत्नी राधा के साथ एक खुशनुमा तस्वीर शेयर करने के लिए अपने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए उन्होंने एक भावुक नोट भी लिखा, जिसमें लिखा है. 22 साल का साथ, लेकिन लगता है जैसे कल की ही बात हो। राधा जी, आपने हर रिश्ते को इतनी खूबसूरती से निभाया – एक पत्नी, एक मां, एक बहूङ्क और सबसे बढ़कर, मेरी सबसे बड़ी ताकत बनकर। आपके बिना ये सफर कभी पूरा नहीं हो सकता था। आपकी मुस्कान, आपका साथ, आपकी हर बात आज भी दिल को छू जाती है। ये पोस्ट एक तस्वीर नहीं, बल्कि उस प्यार भरे सफर की याद है, जिसमें आप मेरी हमसफर थीं और हमेशा रहेंगी। 22 साल मजबूत यहाँ हमारी कहानी का अगला अध्याय लिखने की बारी है। प्यार, हँसी और सफलता से भरे एक साल की उम्मीद है! शादी की सालगिरह पोस्ट में राजपाल यादव ने बताया कि राधा न केवल उनकी पत्नी बल्कि आत्मा की भी साथी हैं. उन्होंने तस्वीरों के साथ आगे लिखा, यह तस्वीर नहीं, बल्कि हमारी प्यार भरी यात्रा की याद है. आप मेरी आत्मा की साथी हैं और हमेशा रहेंगी. हैप्पी एनिवर्सरी. राधा 20 वर्षों से अधिक समय तक चली उनकी प्रेम कहानी स्थायी प्रेम, पारस्परिक सम्मान और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राजपाल यादव ने हमेशा अपनी पत्नी राधा को अपने जीवन की आधारशिला होने का श्रेय दिया है। साथ में, उनकी दो खूबसूरत बेटियाँ हैं, मोनी और हनी, जो उनके जीवन में अपार खुशियाँ लाती हैं। यादव परिवार प्रेम और सद्भाव का एक आदर्श उदाहरण है, और उनकी कहानी कई लोगों को प्रेरित करती है। वहीं वाराणसी के रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी इस भावुक पोस्ट की तारीफ कर रहे हैं और अभिनेता राजपाल यादव उनकी पत्नी राधा जी को बधाइयां दे रही हैं यह पोस्ट न सिर्फ उनके प्यार की कहानी बयां करती है, बल्कि रिश्तों की गहराई को भी उजागर करती है, आप दोनों हमेशा खुश रहें. आपकी जोड़ी बहुत प्यारी है।

# भीषण गर्मी में बिजली की मार, अत्यधिक कटौती और ट्रिपिंग से टाण्डावासी बेहाल

**वेलकम इंडिया**







**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर में भीषण गर्मी के बीच बिजली की खराब व्यवस्था ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। सोमवार रात से लेकर मंगलवार देर शाम तक नगर में बार-बार बिजली कटौती और ट्रिपिंग होती रही। मोहल्ला यूसुफ, मियां वाली मस्जिद, भब्बलपुरी, मस्जिद कोहना और मनिहारान सहित पूरे नगर में लोग गर्मी से बेहाल नजर आए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोडिंग और एबीसी वायर के खराब होने के कारण लगातार बिजली व्यवस्था बिगड़ रही है। कुछ समय पहले बिजली घर पर 10 एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया था, जिससे उम्मीद थी कि राहत मिलेगी, लेकिन अफसरों की लापरवाही ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश सचिव, अपना दल एस मोहम्मद वकील एडवोकेट ने कहा, कि लोगों की नींद, पढ़ाई और स्वास्थ्य सब कुछ प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों को इस पर फौरन ध्यान देना चाहिए।

**पालिकाध्यक्ष पति :** हाजी सरफराज आलम ने कहा, भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती से लोग बेहाल हैं। जल्द समाधान जरूरी है।

**पूर्व पालिकाध्यक्ष पति:** मकसूद लाला ने कहा कि, जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। हमने अधिकारियों से मांग की है कि बिजली व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए।

# अध्यक्षा वामा सारथी व एसपी ने किया नवनिर्मित क्रेच रुम महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर, चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** अध्यक्षा वामा सारथी रश्मि रानी आईपीएस व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन स्थिति क्रेच रुम (शिशु गृह), महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन तथा माधव प्रेक्षा गृह का जीर्णोद्धार किया गया तथा पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा माधव प्रेक्षा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, उपाध्यक्षा वामा सारथी वीना सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजकुमार वाजपेयी, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह, समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी, पुलिस परिवार के महिलाएं एवं बच्चे आदि अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्षा वामा सारथी रश्मि रानी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में नवनिर्मित क्रेच रुम (शिशु गृह), महिलाओं के लिए अत्याधुनिक ब्यूटी पार्लर, चिल्ड्रन पार्क व माधव ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया गया है।तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक का माधव प्रेक्षा गृह में स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया ।इसी क्रम में वाद्य यंत्रों के साथ सरस्वती बन्दना व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किये गये ।तथा एवं डाक्यूमैन्ट्री (लघु फिल्म) के माध्यम से पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा व अध्यक्षा वामा सारथी रश्मि रानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों को दशार्या गया ।कार्यक्रम समाप्ति के क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त बच्चों एवं क्रेच रुम (शिशु गृह), महिलाओं के लिए अत्याधुनिक ब्यूटी पार्लर, चिल्ड्रन पार्क व माधव ऑडिटोरियम के निर्माण में भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान अध्यक्षा वामा सारथी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि महिला आरक्षियों को अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ कार्य सरकार करने में हो रही समस्याओं को लेकर पुलिस कार्यालय में एक क्रेच रुम (शिशु गृह) का निर्माण कराया गया है।

# भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/भीषण गर्मी ने पिछले 5 वर्षों का तोड़ा रिकॉर्ड 44 डिग्री तक पहुंचा तापमान भारतीय मौसम विभाग आईएमडी ने हीट वेव की चेतावनी जारी करते हुए। अगले 96 घंटे में राहत की कोई संभावना नहीं जताई है। आपको बता दें कि मौसम विभाग के अनुसार हापुड़ में 44 डिग्री तक पहुंचा तापमानः 14 जून तक गर्मी से नहीं मिलेगी राहत। कटऊ ने जारी की हीटवेव की चेतावनी हापुड़ में मंगलवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) के अनुसार अगले 96 घंटों में राहत की कोई संभावना नहीं है। तापमान 43 से 44 डिग्री के बीच बना रहेगा। गर्मी के चलते लोग घरों में कैद हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते शहर की सड़कें एवं बाजार सुनसान हैं। दोपहर के समय लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। सरकारी और निजी दफ्तरों में उपस्थिति प्रभावित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों का काम रुका हुआ है। बिजली की अनियमितता से लोगों की परेशानी बढ़ी है। वहीं मौसम विभाग ने 14 जून के बाद राहत की संभावना जताई है। इस दौरान हल्की धूलभरी हवाएं और आंशिक बादल छाए रहेंगे। इससे तापमान में 2-3 डिग्री की कमी आ सकती है। प्रशासन शीतल जल और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा शिविर लगा रहा है। कटऊ ने लोगों को घर से कम निकलने और अधिक पानी पीने की सलाह दी है। 2025 की 10 जून बनी रिकॉर्ड आंकड़ों के अनुसार इस साल का तापमान पिछले 5 वर्षों से अधिक है।

# अकबरपुर के ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव ने गौसेवा आश्रय के हड़पे लाखों रुपए

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/चौमुहां।** ब्लॉक के गांव अकबरपुर में श्री गोपाल जी मंदिर की पूजा अर्चना व देखरेख का कार्य महंत मदन मोहन दास करते चले आ रहे हैं। वही मंदिर परिसर में पिछले 5 वर्षों से सरकारी सहायता से गो सेवा का कार्य कर रहे थे। और सरकार द्वारा मिलने वाली धनराशि का ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के द्वारा समय पर भुगतान कर दियाजाता था। लेकिन मंदिर परिसर में अव्यवस्था होने के कारण गोसेवा आश्रय का का संचालन लिखित रूप से इसी साल पांच जनवरी को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया। गौशाला में 218 गोवंश उपस्थित थे जो अधिकारीयो के सामने ग्राम प्रधान को दिए गए। सुपुर्द करने से पहले ग्राम प्रधान पर 1654900 रुपये शेष रह गए थे। वही ग्राम प्रधान ने गोवंश को अपने सानिध्य में करने से पहले लिखकर दिया था कि सरकार द्वारा सहायता राशि मिलने पर महंत मदन मोहन दास के भुगतान कर दिया जाएगा। वही सरकार से सहायता राशि मिलने के उपरांत भी ग्राम प्रधान में ग्राम सचिव ने महंत मदन मोहन दास का भुगतान नही किया। वही ग्राम प्रधान के द्वारा मंहत को मंदिर से भगाने व जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। ग्राम प्रधान के द्वारा दी जा रही धमकी के कारण मंहत काफी परेशान व भयभीत है। इस धनराशि को हड़पने में ग्राम प्रधान के साथ ग्राम सचिव का भी हाथ है। वही महंत मदन मोहन दास ने अपनी धनराशि को प्राप्त करने के लिए ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव की शिकायत मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से कर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भरत सिंह ने बताया कि जितनी गाय गौशाला में हैं, उतनी ही धनराशि आई है। आरोप निराधार हैं।

# मौहम्मदपुर आजमपुर के जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मौहम्मदपुर आजमपुर के जंगल में खेतों पर सिंचाई करने के लिए गए किसानों के तेंदुए को देखकर होश उड़ गए। और आनंद फानन में शोर मचाते हुए गांव की तरफ भाग कर अपनी जान बचाई।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में तेंदुए की तलाश में कांबिंग की लेकिन तेंदुए के पद चिन्ह तो नजर आए तेंदुआ नजर नहीं आया। तेंदुआ दिखाई देने को लेकर ग्रामीणों के चेहरों पर तेंदुए का खूब स्पष्ट नजर आ रहा है। जिसके चलते जंगल से पशुओं के लिए चारा लेकर आने का संकट सबसे बड़ा पैदा हो गया है। ठीक ऐसा ही दहशत का माहौल सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव नवादा धनपुरा बुकलाना में तेंदुएं के लगातार दिखाई देने को लेकर बना हुआ है। जहां 4 जून को तेंदुए ने खेत पर चारा लेने गए किसान के पशु भैंसे पर भी हमला कर था। जिसको लेकर वन विभाग की टीम ने सतर्कता दिखाते हुए जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया हुआ है। लेकिन तेंदुआ अभी तक वन विभाग टीम की पकड़ में नहीं आ रहा है। तेंदुए के लगातार दिखाई देने को लेकर वन विभाग ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों को अकेला बाहर न खेलने के लिए जाने दें। रात में अकेले खेतों पर ना जाएं और तेंदुआ दिखाई दे तो तुरंत शोर मचाए। साथ ही वन विभाग की टीम ने गांव में अनाउंसमेंट करा कर लोगों को सचेत रहने की अपील की है।

# विश्व हिंदू महासंघ ने शरद शर्मा को मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी किया मनोनीत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** विश्व हिंदू महासंघ द्वारा मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी शरद शर्मा को मनोनीत किया गया है। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश तथा मुरादाबाद मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा की संतुति पर शरद शर्मा को मुरादाबाद मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सदैव हिंदू स्वाभिमान के जननायक योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आदर्श, गौ माता की सेवा, जीव दया, समाज सेवा, समाज में फैल रहे ऊंच नीच जैसे कुचक्र से समाज को जागरूक कर संगठित करने जैसे कार्यों में आप संगठन तथा समाज में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। शरद शर्मा के विश्व हिंदू महासंघ मुरादाबाद मंडल प्रभारी मीडिया प्रभारी बनने पर उनके समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों को तांता लग गया।

# वांछित चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर कुछ दिन पूर्व रोडवेज बस में जबरन चढ़कर गाड़ी में तोड़फोड़ चालक के साथ मारपीट कर दहशत फैलाने के मामले में वांछित चल रहे। तीन आरोपियों को गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर एक रोडवेज बस में कुछ दिन पूर्व तीन लोगों के द्वारा जबरन बस में चढ़कर चालक परिचालक के साथ मारपीट गाड़ी के शीशे तोड़कर यात्रियों में दहशत फैलाने को लेकर थाना हाजा पर मु०अ०स०329/25/धारा 110/352 /324 (4) बीएनएस दर्ज किया गया था। जिसमें एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा अपराधियों की पहचान कर तत्वरित कार्यवाही करने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को दिए गए। आदेश अनुपालन में कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ छापामार कार्यवाही कर मुशाहिद पुत्र शाहिद निवासी वैट थाना सिंभावली, नासिर पुत्र तरीकत, तौहिद पुत्र इस्माइल निवासी सरूरपुर कोतवाली गढ़मुक्तेश्वर को गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्रवाई करते हुए मान्य न्यायालय में किया पेश।

# विवाहिता को लव मैरिज करने की कीमत फांसी के फंदे पर झूल कर चुकानी पड़ी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़ मुक्तेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नानपुर में एक विवाहिता को लव मैरिज करने की अपने प्यार की कीमत फांसी के फंदे पर झूलकर जान देकर चुकाने का मामला प्रकाश में आया है।आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नानपुर में20 वर्षीय विवाहित ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला की समाप्त। ग्रामीणों का कहना है कि शिवानी ने नानपुर निवासी अंकुर से सात माह पूर्व लव मैरिज की थी। और दोनों हंसी-खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। लेकिन सुबह उठ कर परिजनों ने देखा तो शिवानी मृत अवस्था में फांसी के फंदे पर झूल रही थी।जिसकी सूचना पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतरवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की सभी पहलुओं से जांच में जुटी हुई है। हत्या या आत्महत्या इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत थी स्पष्ट हो पाएगा।

# रात के अंधेरे में निराश्रित सांड कुए गिरा, घंटों रेस्क्यू कर बाहर निकाला

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र में खेत के निकट बने पुराने कुएं में रात के समय निराश्रित सांड गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पशु प्रेमी संगठनों के साथ आमजन ने सांड को बचाने में जुट गई है। इस संबंध में प्रशासन की टीम से भी रेस्क्यू कर मदद किए जाने की मांग की गई है। कई घंटे के रेस्क्यू कर सांड को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया गया। थाना क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग किवाना मोड फजलपुर माइनर के निकट खेत के समीप काफी पुराना कुआं बनाया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक रात के समय खेत के निकट टहल रहा निराश्रित सांड गहरे कुएं के भीतर गिर गया। सुबह के समय खेत में अपने गंतव्य की ओर जा रहे लोगों ने सांड की आवाज सुनी तो मौके पर दृश्य को देखकर दंग रह गए। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों के साथ कस्बे के लोगों को मामले की जानकारी देकर मौके पर बुला लिया। सूचना पाकर गोवंश प्रेमी व संगठन के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंच गए। मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर प्रशासन व शासन से भी मदद मांगी गई। मौके पर मौजूद लोगों की टीम ने पहले स्वयं ही कुएं में गिरे सांड को निकालने के लिए अथक प्रयास किया। कई घंटे के प्रयास के बाद भी टीम को सफलता नहीं मिल सकी। बहराल लोगों ने पशु पालिका टीम को मामले की सूचना देकर मौके पर बुला लिया है। टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाकर सांड को निकालने की तैयारी में जुट गई है। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सांड को बाहर निकाल लिया गया।

# गोष्ठी आयोजित कर फसलो को बीमारियो से बचाव की जानकारी दी

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** मगलवार को विकास खण्ड के गांव मीमला की पंचायत घर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीसी विपिन कुमार ने की। कार्यक्रम मे कृषि विज्ञान केन्द्र जलालपुर के वैज्ञानिक डा संदीप चौधरी ने किसानो को बीमारी के फैलने के बारे मे बताया कि बीज के द्वारा भी विभिन्न प्रकार की बीमारी फैलती है। बुवाई से पहले बीज शोधन अवश्य करें। बीज शोधन से बीज जनित रोगों से सुरक्षा, पौधों की आरंभिक अवस्था में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, अंकुरण दर में सुधार रासायनिक शोधन से कीट एवं फफूंद नियंत्रण और स्वस्थ एवं मजबूत पौधों की प्राप्ति होती है। बीज शोधन फफुद नाशक ट्राइकोडर्मा हार्जेनियम 5-10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज अथवा कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम या थायरम 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर करे। बीज शोधन करते समय दस्ताने व मास्क का प्रयोग करें। शोधन के तुरंत बाद बीजों को छाया में सुखाएं और सूखने के बाद ही बुवाई करें। जैविक व रासायनिक शोधन एक साथ न करें। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अजय तोमर ने किसानो को प्राकृतिक खेती व जैविक खेती करने की सलाह दी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार, सहायक तकनीक प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह, निर्भयपाल, नितीश, तेजपाल सिंह, सन्नी, अनिल चौहान, हवा सिंह, सोनु, अखिल आदि मौजूद रहे।

# अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट, तीन घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहित महिला ने अपने पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मारपीट करने और आग से जलने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसके भाई लेने के लिए आए तो आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। घायल भाई, बहनों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। जनपद मुजफ्फरनगर के बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी महिला रहनुमा पुत्री गफ्फार ने बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व मोहल्ला खेल निवासी नदीम पुत्र इलियास के साथ हुई थी पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता को शादी के 3 वर्ष बाद तक कोई भी संतान पैदा नहीं हुई जिसके बाद पति सहित ससुरालियों ने संतान नहीं होने एवं अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता ने तीन वर्ष बाद एक बच्ची को जन्म दिया आरोप है कि पुत्री पैदा होने पर आरोपी आए दिन मारपीट करने लगे।

# महिला क्लिनिक संचालिका पर जन्म प्रमाण पत्र नहीं देने का आरोप

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक महिला ने निजी क्लीनिक संचालिका पर अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को मोहल्ला रायजागान निवासी महिला हिना खान ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता ने गत 8 मई 2025 को मोहल्ले के ही शबा क्लीनिक में एक पुत्री को जन्म दिया था। पीड़िता का आरोप है कि जब वह क्लीनिक पर अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए जाती है तो क्लीनिक संचालिका व महिला चिकित्सक पीड़िता के साथ गाली -गलौज करती है। बुधवार को पीड़िता क्लीनिक पर जन्म प्रमाण पत्र मांगने के लिए गई।

# एसडीएम पिंडरा के तानाशाही पर डीएम ने लगाई नकेल ,कार्रवाई तय !

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह की तानाशाही को लेकर तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में लगभग महीने भर से आंदोलन कर रहे अधिवक्ताओं को अंततः सोमवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से न्याय मिल ही गया। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की नौ मांगों को मान लिया और अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि 15 दिवस के अंदर यदि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह अपने कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करती हैं तो उनका तबादला कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने एसडीएम प्रतिभा मिश्रा व न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह के कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन को जिम्मेदारी सौंपी है। अपर जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह उपरोक्त अधिकारियों के कार्य प्रणाली की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगे।पिंडरा तहसील के अधिवक्ता मंगलवार को एक बैठक करेंगे।बैठक में तय किया जाएगा कि अधिवक्ताओं का आंदोलन समाप्त होगा या एसडीएम व न्यायिक एसडीएम के तबादले तक जारी रहेगा। तहसीलबार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से पिंडरा तहसील के सभागार में मुलाकात कर उन्हें दस सूत्रीय मांग पत्र सोपा गया। जिसमें जिलाधिकारी ने नौ मांगों को तत्काल मान लिया और दसवीं मांग जो एसडीएम व न्यायिक एसडीएम को तत्काल हटाने की थी उस पर उन्होंने 15 दिन का समय मांगा है। बकौल बार अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने जो नौ मांगों को माना है उसमें क्रमशः धारा 24 की पत्रावली में राजस्व निरीक्षक का बयान अनिवार्य होगा। धारा 116 की पत्रावली में बिना बाद बिंदु के निस्तारण नहीं होगा।,167 पत्रावलियों को जिलाधिकारी ने जो जिले पर मंगवाया था उसे पुनः पिंडरा तहसील वापस किया जाएगा। धारा 67 क के पत्रावलियों का जल्द से जल्द निस्तारण होगा। धारा 32/38 की पत्रावली में लेखपाल व कानूनगो बैठक कर रिपोर्ट लेगे और उसका त्वरित निस्तारण करेंगे।

## शराब ठेके पर झगड़ा करने पर तीन का चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा शराब ठेके पर शराब पीकर सेल्समैन के साथ झगड़ा करने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा मैं शराब का ठेका स्थित है, शराब ठेके पर अंग्रेजी,देसी,व बियर की बिक्री होती है। बुधवार को शराब की दुकान पर जनपद मुजफ्फरनगर के फूगाना थाना क्षेत्र के गांव भोरा कला निवासी दीपक, सोनू, और सुमित शराब पीकर पहुंचे और सेल्समेन के साथ झगड़ा करने लगे। आरोप है कि तीनों युवकों ने दबंगई दिखाते हुए सेल्समेन से ओवर रेट लेने का बहाना बनाकर झगड़ा,फसाद करना शुरू कर दिया। पीड़ित सेल्समैन ने मामले की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग में चालान कर दिया और आगे की पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

# साहब कब सही से बनेगी सड़क

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,**जुगल काण्डपाल, जिला मुख्यालय के समीप थुनाई मिहिनिया खोली बाईपास सड़क में इन दिनों डामरीकरण का कार्य चल रहा है।सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी से सड़क लम्बे समय से बदहाली का शिकार हुई है।सड़क पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीण रोजाना यात्रा करते हैं।सड़क में कार्यदायी संस्था लोनिवि की अनदेखी के चलते सड़क पर विभाग द्वारा बरसात के समय पहाड़ी से मलुवा गिरने से सड़क खस्ताहाल बन जाती है।जबकि नाली का निर्माण अधूरे से ही छोड़ दिया गया है।जिससे क्षेत्रवासियों में काफी रोष है।ग्रामीणों के अनुसार आजकल थुनाई मिहिनिया मोटर मार्ग में डामरीकरण का कार्य चल रहा है पर सड़क के उपरी पहाड़ पर दूसरी सड़क का मलुवा सड़क को बाधित कर देता है। क्षेत्रवासियों ने सड़क को ठीक कर डामरीकरण करने के लिए ग्रामीणों ने विभाग से कई बार मांग की। जिसके बाद अब सड़क में डामरीकरण का कार्य शुरू हुआ है। लेकिन सड़क में पड़ी मलवे कि मिट्टी और अन्य मलवे को सड़क के किनारे ही ढेर कर दिया। जो हल्की सी बारिश में ही सड़क में बहने लगा है। विभाग द्वारा उचित नाली निकास की ब्यवस्था नही करने और आधी नाली बनाकर छोड़ देने से सड़क पर मलुवा आने से सड़क के बदहाल होने का अंदेशा बना हुआ है ।अब बारिश होते ही सारा पानी और मलवा सड़क पर आने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी यदि कार्य सही ढंग से नहीं किया जाता है तो विभाग की घोर लापरवाही है।जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा नाली निकासी की उचित व्यवस्था करनी चाहिए थी पर विभाग द्वारा एक तरफ का नाला सड़क में और दूसरी तरफ का नाला बीच पुल में छोड़ दिया गया है। जिससे पुल में मिट्टी भरने से टूटने का खतरा बना हुआ है साथ ही पुल में कीचड़ और मलुवे से पट जा रही है। जिससे सड़क पर यातायात बाधित हो जाता है।और कई दोपहिया वाहन चालक सड़क पर रपटने से चोटिल भी हो चुके हैं।जिसके चलते क्षेत्र वासियों में काफी रोष है। उनका कहना है कि अगर जल्दी ही नाली का निर्माण सही से नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन को विवश होंगे। क्षेत्र के थुनाई मिहिनिया खोली बाईपास से दयांगण, डुंगरगांव, खोली, काकड़ा सहित अन्य गांवों के अलावा गरुड़ मोटर मार्ग को जोड़ने वाले मोटर मार्ग में एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आना जाना होता है।

## आगरा में सम्मानित हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



वेलकम इंडिया

**आगरा।** सीताराम कॉलोनी (बल्केश्वर) स्थित प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रोशनलाल गुप्त ₹करुणेश₹ के निवास पर वृन्दावन के वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान किया गया। स्व. रोशनलाल गुप्त ₹करुणेश₹ के सुपुत्र एवं दैनिक ₹अमर उजाला₹ व ₹दैनिक जागरण₹ के पूर्व वरिष्ठ उप-संपादक आदर्श नन्दन गुप्त ने डॉ. गोपाल चतुर्वेदी को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट कर उनका सम्मान किया।साथ ही प्रभु से उनके उज्वल, दीर्घ व मंगलमय जीवन की कामना की। वरिष्ठ पत्रकार आदर्श नन्दन गुप्त ने कहा कि डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की उच्च शिक्षा आगरा में ही पूर्ण हुई है।साथ ही कई वर्षों तक उनका कार्य क्षेत्र आगरा ही रहा है।

# वकीलों ने डीएम पर जताया अविश्वास,जारी रहेगा हड़ताल

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ता लामबंद होकर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा व न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह की मनमाने रवैये से क्षुब्ध होकर उन्हें हटाने की मांग को लेकर महीने भर से हड़ताल पर हैं। अधिवक्ताओं का हड़ताल समाप्त होने के आसार उस समय दिखाई पड़ने लगे थे,जब सोमवार को पिंडरा तहसील के सभागार में सोमवार को समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने अधिवक्ताओं से बातचीत कर उनकी तमाम मांगों को मान लिया था। परंतु जिलाधिकारी ने एसडीएम प्रतिभा व न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा को तत्काल हटाने पर राजी नहीं हुए।खैर उस समय तो ऐसा लगा कि अधिवक्ताओं का हड़ताल समाप्त हो जाएगा। परंतु मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जब बैठक कर हड़ताल समाप्त करने का प्रस्ताव रखा तो,भारी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि डीएम की बातों पर हम लोगों को विश्वास नहीं है। इसके पूर्व तत्कालीन डीएम ने भी झूठा आश्वासन देकर अधिवक्ताओं का हड़ताल समाप्त करवाया था, परंतु अपने बातों पर वे खरा नहीं उतरे थे। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जब तक एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह का स्थानांतरण नहीं हो जाता है तब तक हड़ताल जारी रहेगा।तहसील बार पिंडरा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मांग किया है कि उपरोक्त आरोपी अधिकारियों को तत्काल स्थानांतरित कर बार-बेंच के बीच सामंजस्य स्थापित कराए,ताकि न्याय प्रणाली सुचारू ढंग से संचालित हो सके। परंतु न कोई समीक्षा हुई थी और न ही आरोपी अधिकारियों को हटाया गया था।इस बार के आंदोलन में भी यही नीति अपनी गई है जो अधिवक्ताओं को मंजूर नहीं है।बैठक में शिवपूजन सिंह,पधारी यादव,राजेश सिंह,हरिश्चंद्र अजय श्रीवास्तव,प्रियराज माथुर,अंकित मिश्रा,नवीन सिंह, श्याम शंकर सिंह, आनंद सिंह, दीपक सैनी,अश्वनी सिंह,पवन सिंह,विजय शर्मा संजय दुबे, सतीश, आलोक सिंह,श्रीप्रकाश मिश्रा,सौरभ सिंह, श्रीनाथ गौंड,कौशल त्रिपाठी, शक्तिमान, अश्वनी मिश्रा, राकेश मिश्रा, भरत दुबे,कृष्णकांत चौहान, सियाराम यादव, संदीप वर्मा, कमलकांत राय,सुनील वर्मा, आलोक पाण्डेय,मनोज मिश्रा, हरिश्चंद्र यादव,वकील प्रसाद, शैलेंद्र सिंह,चंद्रभान पटेल,अजय यादव,आशीष दुबे, छेदी लाल पाल,शंभूनाथ मिश्रा,गिरीश पटेल,प्रकाश यादव, अशोक लाल, धीरेंद्र सिंह,सर्वेश सिंह,राजेश पटेल, गौरीशंकर सिंह,मनोज शुक्ला, विंध्यवासिनी तिवारी,प्रेमशंकर मिश्रा,अमर पटेल, छोटेलाल ,जावेद खा,सुभाष दुबे,दिनेश यादव ,काजल राय,श्याममोहन उपाध्याय शाहिद सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।

## अध्यक्षा वामा सारथी व एसपी ने किया नवनिर्मित क्रेच रूम महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर, चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** अध्यक्षा वामा सारथी रश्मि रानी आईपीएस व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन स्थिति क्रेच रुम (शिशु गृह), महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन तथा माधव प्रेक्षा गृह का जीर्णोद्धार किया गया तथा पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा माधव प्रेक्षा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, उपाध्यक्षा वामा सारथी वीना सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजकुमार वाजपेयी, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह, समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी, पुलिस परिवार के महिलाएं एवं बच्चे आदि अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्षा वामा सारथी रश्मि रानी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में नवनिर्मित क्रेच रुम (शिशु गृह), महिलाओं के लिए अत्याधुनिक ब्यूटी पार्लर, चिल्ड्रन पार्क व माधव ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया गया है। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक का माधव प्रेक्षा गृह में स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया ।इसी क्रम में वाद्य यंत्रों के साथ सरस्वती बन्दना व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किये गये ।तथा एवं डाक्यूमैन्ट्री (लघु फिल्म) के माध्यम से पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा व अध्यक्षा वामा सारथी रश्मि रानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों को दर्शाया गया ।कार्यक्रम समाप्ति के क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त बच्चों एवं क्रेच रुम (शिशु गृह), महिलाओं के लिए अत्याधुनिक ब्यूटी पार्लर, चिल्ड्रन पार्क व माधव ऑडिटोरियम के निर्माण में भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस दौरान अध्यक्षा वामा सारथी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि महिला आरक्षियों को अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ कार्य सरकार करने में हो रही समस्याओं को लेकर पुलिस कार्यालय में एक क्रेच रुम (शिशु गृह) का निर्माण कराया गया है।

# जीटी रोड़ बैल्ट के साथियों से है पारिवारिक लगाव-कुलदीप बिश्नोई

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई अपने प्रदेश स्तरीय कार्यकत्र्ता मेलजोल अभियान के दौरान आज जीटी रोड़ बैल्ट के पानीपत, इसराना, समालखा एवं गन्नौर हलके में पहुंचे। चार हलकों में एक दर्जन से भी ज्यादा कार्यक्रमों में उन्होंने शिरकत की, पुराने संघर्ष के साथियों के यहां जलपान किया, उनका सुख-दुख सांझा किया और उनकी समस्याएं सुनकर उनको दूर करवाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि कार्यकत्र्ता ही उनकी ताकत है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि जीटी रोड़ बैल्ट के क्षेत्र में जब भी वे आते हैं यहां के अपने साथियों के साथ उनका पारिवारिक रिश्ता और अपनत्व है।स्व. चौ. भजन लाल जी ने जब करनाल लोकसभा से चुनाव लड़ा था तो उस समय से लेकर बाद में हजकां के समय जीटी रोड़ बैल्ट पर उनके परिवार को भरपूर साथ, सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहा है।इसी तरह अब भारतीय जनता पार्टी को भी इस क्षेत्र के लोगों ने सत्ता तक पहुंचाया। यहां के हमारे पारिवारिक साथी जिन्होंने मेरे हर संघर्ष में मेरा साथ दिया, उनकी त्याग और बलिदान को वे कभी भूला नहीं सकते और उनके कार्य करवाने करवाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि प्रदेश में भाजपा की सरकार है।

# पेड़ों से है कुदरत की रौनक और रंगत : वडेरा

वेलकम इंडिया




**बाड़मेर, राजस्थान।** थार के मरूस्थल की गौशालाओं को हरा-भरा बनाने को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से 11 जून से हरित गौशाला अभियान के माध्यम से गौशाला में पौधारोपण का आगाज किया जा रहा है। जिस कड़ी में मंगलवार को सुमेर गौशाला के द्वितीय परिसर में सुमेर गौशाला, बाड के अध्यक्ष किशनलाल वडेरा एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में हरित गौशाला अभियान बैनर का विमेचन सम्पन हुआ।संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि थार के मरूस्थल को हरा-भरा बनाने के लिए वृहद् स्तर पर पौधारोपण करने की जरूरत है।जिस कड़ी में संस्थान की ओर से मंगलवार को हरित गौशाला अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। अभियान में थार नगरी, बाड़मेर में सुमेर गौशाला द्वितीय परिसर में 11 जून बुधवार को प्रातः 8.00 बजे पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित किया जायेगा।इस अभियान में विभिन्न गौशालाओं में 50-50 पौधे लगाएं जायेंगे।सुमेर गौशाला के अध्यक्ष किशनलाल वडेरा ने कहा कि थार नगरी, बाड़मेर की प्रत्येक गौशाला में पौधारोपण करना बहुत ही सहरानीय व प्रशंसनीय कार्य है। इस अभियान से विभिन्न गौशाला में हरियाली आयेगी।वडेरा ने कहा कि पेड़ों से ही कुदरत में रौनक व रंगत है। और कुदरत हमें अच्छी लगने लगती है। आओ मिलकर पेड़ लगाएं।इस दौरान सुमेर गौशाला के ग्वाले आदि उपसिथ्त रहे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)** ।वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में मंगलवार को जल ग्रहण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान-2.0 के प्रथम चरण के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आमजन के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं पर श्रमदान व साफ-सफाई कार्य किया गया। अभियान के तहत आमजन एवं जनप्रतिधियों को एमजेएसए योजना के अंतर्गत जिलेभर में जल संरक्षण के कार्यों का अवलोकन करवाया गया। इस दौरान धौलपुर ब्लॉक की भैसेना ग्राम पंचायत में भैसेना का तालाब, सैपऊ ब्लॉक के नगला खरगपुर ग्राम पंचायत में तालाब निर्माण कार्य, बाडी ब्लॉक की बरपुरा ग्राम पंचायत में पी.टी. नियर निसार बोरवेल कार्य, बसेड़ी ब्लॉक की ताजपुर ग्राम पंचायत में पी.टी. नियर रास्ता कार्य, सरमथुरा ब्लॉक की आंगई ग्राम पंचायत में एम.पी.टी. नियर रोड-1 कार्य एवं राजाखेडा ब्लॉक की सिंघावली कलां ग्राम पंचायत में एम.पी.टी. निर्माण कार्य का आमजन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवलोकन कराया गया साथ ही उपस्थित जनसमूह को जल संकल्प की शपथ दिलाई गई।

# प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सजग रहकर कार्य करें: जिला कलक्टर

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित )** । आपदा प्रबंधन समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि एवं संभावित बाढ़ की रोकथाम के लिए पूर्व से ही समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। जिला कलक्टर ने आपदा प्रबन्धन एवं वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि एवं संभावित बाढ़ के दौरान बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आपदा आने पर रोकथाम व बचाव के बारे में विभागवार जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे व्यक्तिगत रुचि लेते हुए आपदा से सम्बन्धित की गई तैयारियों का जायजा लेकर कार्य करें। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन से सम्बन्धित विभाग नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। आगामी मानसून के मध्यनजर अतिवृष्टि/बाढ से बचाव की आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये कि जिला जिला स्तरीय अधिकारी अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोडें। स्टाफ को भी अनावश्यक छुट्टियां न दें। आपसी समन्वय रखकर कार्य करें। बाढ़ से प्रभावित होने वाले सम्भावित गांव ढांणियों की सूचना एकत्रित कर जिला मुख्यालय को भिजवायें। तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी सम्भावित क्षेत्रा का दौरा करलें जिससे राहत कार्यों में आसानी रहे। आवश्यक दूरभाष नम्बर तथा राहत कार्यों से संबंधित कार्मिकों के नाम पते उपलब्ध रहे। जिले में वर्षा नहीं होने के बावजूद भी चम्बल नदी के ऊपरी क्षेत्रों में अधिक वर्षा के फलस्वरूप बाढ़ के हालात बन जाते हैं जिससे निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां रखें। प्रभावित लोगों को ठहरने, भोजन, दवाईयां, उपचार आदि का प्रबन्ध रखें। गोताखोर, टॉर्च, रस्सी, पानी निकालने के लिए पम्पसैट, डीजल, पैट्रोल, रसोईगैस, कैरोसीन आदि का पर्याप्त रिर्जव स्टॉक रखवाने की व्यवस्था के निर्देश दिये।इस दौरान लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए व्यवस्था करने, जल स्त्रोतो की सारसभाल एवं सुरक्षा के इन्तजाम करने तथा विद्युत की लाईनों की मरम्मत आदि की पुख्ता व्यवस्था के साथ ही समय पर विद्युत की आपूर्ति व आवश्यकता पड़ने पर विद्युत आपूर्ति रोकने के निर्देश दिये। नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं में नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पशुओं के उपचार, चारे की व्यवस्था एवं मृत पशुओं के शवों का निस्तारण करने के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये। सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश देते हुए जिले के सम्भावित बाढ़ प्रभावित नदी एवं नालों एवं सड़कों के दोनो ओंर लोहे के पिलर लगाकर चैन लगाने की व्यवस्था की जाये ताकि आपदा के समय यातायात रोका जा सके। इसके अतिरिक्त रपट वाले स्थानों पर नदी एवं नालों के दोनो ओंर भी चेतावनी बोर्ड लगाये जाना सुनिश्चित करें तथा सड़क मार्ग से गुजरने वाले नदी नाले रपट आदि पर होकर वर्षा का पानी बह रहा हो तो चिन्हित कर दोनों और साइन बोर्ड लगाकर यातायात प्रतिबंधित किया जावे। सभी उपखण्ड अधिकारी बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए पूर्व तैयारी के सम्बंध में अपने स्तर पर बैठक आयोजित करें एवं पंचायतों में सिंचाई विभाग से प्राप्त खाली कट्टो में मिट्टी भरकर ऐसे स्थानों पर रखवायें जहॉं बाढ़ का पानी भरने की सम्भावना हो। उन्होने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग अपने-अपने विभाग का बाढ़ नियन्त्रण कक्ष स्थापित कर नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ उनके नाम, पदनाम, दूरभाष नम्बर भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

# लूट का खुलासा न होने पर सभासदों ने तहसील मुख्यालय पर दिया धरना

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर पंत (पंजाब केसरी) लगभग दो सप्ताह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गोविंदपुरी सारा रोड पर स्थित नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली की कंपनी में हुई 15 लाख रू0 अनुमानित कीमत की नकदी व ज्वैलरी की लूट की वारदात का पदार्फाश न किए जाने तथा एसीपी ज्ञानप्रकाश राय द्वारा वारदात के खुलासे के लिए मांगी गई सोमवार तक की मौहलत अवधि समाप्त हो जाने तथा पुलिस के खाली हाथ होने से आक्रोशित पालिका सभासदों ने सभासद संघर्ष समिति के बैनर तले आज मंगलवार को यहां तहसील मुख्यालय पर पूर्व घोषित धरना आंदोलन शुरू कर दिया है।आक्रोशित सभासदों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर पुलिस पर निष्क्रियता व लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि जब नगर प्रमुख विनोद वैशाली के यहां हुई बड़ी लूट जैसी गंभीर वारदात का पुलिस पदार्फाश नहीं कर पायी, तो जनसाधारण की तो बात ही क्या है? जरूरत पड़ी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। सभासद सड़क पर उतरेंगे तथा आमरण अनशन से भी पीछे नहीं हटेंगे। सूचना पर कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल पहुंची और सभासदों की बात सुनी।उन्हें अब तक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया। जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद सभ्रासदों ने धरना समाप्त कर दिया। इस अवसर पर सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश चौधरी, प्रदीप शर्मा, आलोक कोशिक, ललित त्यागी, रईसुद्दीन, लोकेश डोढी, आदित्य कुमार बोबी, सूबे सिंह, संजय चौधरी, दुष्यंत यादव सहित अन्य सभासद मौजूद थे।

# एन सी सी कार्यालय में विधायक एवं चेयरमैन का हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के नेतृत्व में वाहिनी के सम्पूर्ण स्टाफ द्वारा मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं चेयरमैन श्री विनोद वैशाली का भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ए एन ओ ,जे सी ओ, पी आइ स्टाफ एवं सिविल स्टाफ का योगदान रहा।वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने विधायक एवं चेयरमैन साहब को एन सी सी वाहिनी का मुआयना कराया तथा हापुड़ रोड स्थित रेलवे फाटक पर बन रहे पुल के कारण एन सी सी के कार्यालय में होने वाली असुविधाओं से अवगत कराते हुए उन्हें एन सी सी की संरचना, प्रशिक्षण एवं बुनियादी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी। विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं चेयरमैन, नगर पालिका परिषद मोदीनगर ने रेलवे फाटक पर बनने वाले पुल से होने वाली असुविधाओं के कारण वाहिनी को हर स्तर पर सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया।कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने बताया कि इस वाहिनी में मोदीनगर क्षेत्र के लगभग 1300 नवयुवक एन सी सी का प्रशिक्षण लेकर भारतीय सेनाओं में विभिन्न पदों को सुशोभित कर राष्ट्रीय सीमाओं और आंतरिक हिस्सों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह तथा संचालन मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया।इससे पूर्व वाहिनी में पहुँचने पर विधायक डॉ मंजू सिवाच एवं चेयरमैन विनोद वैशाली का वाहिनी के ऑफि सर्स ,सिविल स्टाफ एवं एन सी सी कैडेटस द्वारा गुलदस्ते, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के प्रशासनिक अधिकारी ले० कर्नल आर पी दहिया, कैप्टन रजनीश जिंदल,लै० (डॉ) मुकेश कुमार, लै० मुकेश शर्मा, लै० नागेन्द्र , ले० राजीव जांगिड़, ऑफि सर रितेश राय, ऑफिसर डॉ अमित कुमार, ऑफि सर सुखविंदर तेवतिया, ऑफि सर गुड्डू कुमार ऑफि सर अनुराग, वाहिनी के आर्मी एवं सिविल स्टाफ के साथ एन सी सी कैडेटस भी उपस्थित रहे।

# करार्टे चैंपियनशिप मे बालिका वर्ग में आनिया ने गोल्ड व सुपर गोल्ड में सिल्वर मेडल जीता




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** आनिया स्पोर्ट्स कराटे अकैडमी मोदीनगर की टीम ने सात मेडल जीत क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन किया।तीन दिवसीय 06 जून से 8 जून तक हिमाचल प्रदेश के कोठो ऑडिटोरियम सोलन में आयोजित हिमाचल कराटे फाइट लीग कराटे चैंपियनशिप मे सब जूनियर बालिका वर्ग में आनिया ने गोल्ड व सुपर गोल्ड में सिल्वर मेडल जीता, वही अयाना ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। जूनियर बालिका वर्ग में नव्या शर्मा ने गोल्ड व अनुष्का ने ब्रॉन्ज मेडल जीता सब जूनियर बालक वर्ग में देवराज को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा! जूनियर बालक वर्ग मे आयुष गिरी ने सिल्वर मेडल जीता। (कोच अजय कुमार) व टीम मैनेजर (अंजना पटेल)ने खिलाड़ियों की जीत पर उन्हें बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोदी कॉलेज में समर कैंप के समापन पर एक पेड़ मां के नाम पर छात्रों की माताओं ने पौधे रोपित किए

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी कॉलेज में छात्रों को पर्यावरण मित्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में चल रहे समर कैंप का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। यह समर कैंप 21 मई से चल रहा था। जिसमें छात्रों को विभाग द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अनेक गतिविधियां कराई गई। समापन पर छात्रों और उनके अभिभावकों से फीडबैक लिया गया। उनके बच्चों ने पूरे समर कैंप में क्या सीखा अपने अनुभव साझा किया। बाद में छात्रों ने अपनी अपनी माता के साथ विद्यालय की वाटिका में पौधे रोपित किऐ।और उनकी रक्षा करने का भी संकल्प लिया प्रधानाचार्य ने ऐसी माताओं को भी मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सिंगल उसे प्लास्टिक का प्रयोग न करने और उन्हें कपड़े के बैग सूट कागज के लिफाफे आदि बनाने और उन्हें प्रयोग करने की जानकारी दी। इसी के साथ छात्रों के अभिभावकों को फिर कचरा प्रबंधन की जानकारी भी दी साथ ही साथ शतरंज और बैडमिंटन के विषय में विस्तार से बताया। समर कैंप का समस्त प्रबंधन विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री राजकुमार सिंह के द्वारा किया गया।जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।पर्यावरण दिवस पर विद्यालय में डॉ अलका अग्रवाल प्रवक्ता अंग्रेजी राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज गढ़मुक्तेश्वर हापुर द्वारा भी पौधारोपण किया गया समापन के अवसर पर राजकुमार सिंह प्रवीण जैनर सतीश कुमार, नितिन कुमार ,श्रीमती रीना शर्मा कुमारी ज्योति आदि उपस्थित रहे।

# एक आम तोड़ने पर दबंगों ने मजदूर को जमकर पीटा,घायल



वेलकम इंडिया

**पहासू (बुलंदशहर)।** पहासू थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर नगलिया गांव में मंगलवार को लकड़ी काट रहे एक युवक शुक्रउद्दीन पुत्र अलीशेर गांव नगला मेवाती पर दबंगों ने हमला कर जमकर पीटा जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आरोप है कि शुक्रउद्दीन ने बगल के बाग से एक आम खाने के लिए पेड़ से तोड़ लिया जिससे नाराज होकर पंकज, भोला और भूपेंद्र पुत्र राजेंद्र ने उसकी जमकर पिटाई कर दी आरोप है कि जिससे वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा इस हमले में शुक्रउद्दीन के सिर पर गंभीर चोट आई है। बीच-बचाव करने आए देवेंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला घनश्याम के साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहासू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# गुरुद्वारा शीशगंज साहिब व गुरुद्वारा बांग्ला साहिब की पवित्र यात्रा का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** सेवा, भक्ति और संगत के भाव के साथ पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर तथा लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा शीशगंज साहिब व गुरुद्वारा बांग्ला साहिब की पवित्र यात्रा का आयोजन किया गया। यह आध्यात्मिक यात्रा शाम 9 बजे गोविंदपुरी रामलीला मैदान से बस द्वारा आरंभ हुई। यात्रा का उद्देश्य संगत के साथ गुरुद्वारों में लंगर सेवा करना, अर्दास करना और रात्रि सेवा में भाग लेना रहा। इस पावन यात्रा में 60 से अधिक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस यात्रा का नेतृत्व पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष श्री अजय ग्रोवर जी और महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर जी ने किया।

# कस्बा निवाड़ी में हाउस टैक्स के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी दफ्तर पर हाउस टैक्स के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया अधिशासी अधिकारी की मनमानी नगर पंचायत दफ्तर पर कम बैठना कस्बा निवाड़ी में सभी कार्य ठप पडे है। सारी सड़के टूटी पड़ी हैं आज नगर पंचायत निवाड़ी दफ्तर पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अराजनीतिक के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी की अध्यक्षता में क्षेत्र के किसान मजदूर व कस्बे के सभी 10 सभासद गंणो ने मिलकर कस्बा निवाड़ी दफ्तर पर अधिशासी अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की व धरना प्रदर्शन किया। कस्बे के सभासद गणो का कहना है अधिशासी अधिकारी अपने दफ्तर पर नहीं बैठ रहे हैं ना ही किसी सभासद गण को सभासद मान रहे हैं नहीं जनता से उनका व्यवहार अच्छा है। हाउस टैक्स दोगुना की वृद्धि को लेकर क्षेत्र के किसान मजदूर व सभासद गणों में बहुत रोश देखने को मिला। सभी सभासद गण क्षेत्र के किसान मजदूर मिलकर एक बड़ी पंचायत कर हाउस टैक्स के विरोध में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करें।धरने पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अराजनीतिक भारत के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, पूर्व चैयरमैन राजकुमार वर्मा, कोऑपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, कोऑपरेटिव सोसायटी वॉइस चैयरमेन आदित्य त्यागी, सभासद राजकुमार त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद नितिन बंसल, सभासद जगदीश कुमार, सभासद केपी सिंह, पूर्व सभासद शेखर त्यागी, अमित गिरी, निक्कू त्यागी, सुबोध कुमार, कपिल गर्ग,आशीष, साबिर खान, गोल्डी त्यागी, अंकित त्यागी, युवा नेता देवांश त्यागी, अवनीश त्यागी, जय भगवान फौजी, सलीम आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प का आयोजन कर सार्थक एवं रचनात्मक वातावरण का सृजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विकास खण्ड भोजपुर में स्थित 42 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में प्रथम बार कक्षा 6 से 8 तक अध्ययनरत छात्रों हेतु दिनांक 21 मई 2025 से 10 जून 2025 के मध्य ग्रीष्मावकाश के दौरान परिषदीय विद्यालयों में पढने वाले, लगभग 2500 बच्चों विशेषकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले अधिकांश बच्चे जो अपने घरों में ही रहते है ऐसे बच्चों के लिए नए अनुभव की खोज करना, नए दोस्त बनाना ओर खेल-खेल में कुछ करके सीखने आदि ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प का आयोजन कर सार्थक एवं रचनात्मक वातावरण का सजून किया गया। समर कैम्प द्वारा एक संरचित ओर आकर्षक वातावरण प्रदान किया गया, समर कैम्प में बच्चो ने जीवन कौशल सीखा। समर कैम्प के दौरान बच्चों ने विद्यालय में होने वाली नियमित पढाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनन्द लिया तथा विभिन्न सामाजिक कौशलों का विकास कराया गया। प्रतिदिन बच्चों को योगासन कराकर स्वास्थ्य का महत्व बताया गया। उच्च स्तर से प्राप्त निदेर्शों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के उददेश्यों को दृष्टिगत रखते हुये भोजपुर ब्लॉक के कुल 42 परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों (कक्षा 6-8) के बच्चों के समग्र विकास हेतु दिनांक 21 मई से 10 जून 2025 के मध्य 03 सप्ताह का ग्रीष्मकालीन शिविर समय प्रातःकाल 7-30-10:30 बजे अवधि अधिकतम 03 घंटे का आयोजित किया गया।समर कैम्प के आज अन्तिम दिन प्रत्येक विद्यालय में भव्य आयोजन किया गया, जो बच्चों की लांग मैमोरी का हिस्सा बन गया।

आज अभिभावको द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। सभी के द्वारा समर कैम्पों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। समर कैम्प का खण्ड शिक्षा अधिकारी भोजपुर सुश्री महिमा द्वारा नियमित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण कर सभी को उत्साहित किया गया।



# ग्रेनो प्राधिकरण का चल बुलडोजर, सुनपुरा के अवैध निर्माण से 40 करोड़ की जमीन मुक्त

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा,गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुनपुरा में अधिसूचित जमीन पर कॉलोनी काट कर निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसा गया है।प्राधिकरण ने 20 हजार वर्ग मीटर को अतिक्रमण मुक्त कराया है।जमीन की कीमत 40 करोड़ के करीब है। भू माफिया जमीन पर अवैध कॉलोनी काट रहे थे।इससे पहले कि कॉलोनी कटती, प्राधिकरण ने पूरा निर्माण जमींदोज कर दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि सुनपुरा गांव के खसरा संख्या 429 पर अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। यह क्षेत्र अधिसूचति के अंतर्गत आता है। ऐसे में यहां पर निर्माण अवैध है।बिना नक्शा पास कराए किए जा रहे अवैध निर्माण को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम द्वारा मंगलवार को नष्ट किया गया। अवैध निर्माण को रोकने के लिए पूर्व में कई बार प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। कॉलोनाइजर लगातार निर्माण कर रहे थे।उनको इरादों को पीले पंजे ने मिट्टी में मिला दिया है। बुलडोजर चलने के बाद कॉलोनाइजर में भगदड़ गई। सब मौके से भाग गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह, विशेष कार्याधिकारी जितेंद्र गौतम, वर्क सर्किल दो के प्रभारी सन्नी यादव, वर्क सर्किल 7 के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार कुशवाहा, नितीश कुमार, अभिषेक पाल, विवेक किशोर और अन्य स्टाफ ने मिलकर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई 3 घंटे तक चली।जिसमें 6 जेबीसी और 5 डंपर की मदद ली गई। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने अवैध निर्माण कर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है कि सुनपुरा में यदि भविष्य में अवैध निर्माण किया गया तो आने वाले दिनों में प्राधिकरण इससे भी ज्यादा सख्ती से निपटेगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्राधिकरण की अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। एसीईओ ने शहर के लोगों से अपील की है कि अपने सपने का आशियाना लेने से पहले उसके संबंध में पूरी जांच कर लें।

# जनपद के 194 विद्यालयों में समर कैंप 2025 का भव्य समापन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जनपद के 194 परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट तथा पीएम श्री विद्यालयों में आयोजित समर कैंप 2025 का 10 जून मंगलवार को को भव्य समापन हुआ। यह कैंप 21 मई से 10 जून तक आयोजित किया गया था, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने गर्मी की छुट्टियों में ज्ञान और कौशल की ठंडी छांव में आनंददायक और रचनात्मक समय बिताया। समर कैंप का उद्देश्य केवल बच्चों को छुट्टियों में व्यस्त रखना ही नहीं था, बल्कि उनके समग्र विकास पर केंद्रित था। इसमें बच्चों की रुचि आधारित गतिविधियाँ, खेलकूद, कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान परियोजनाएं, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण एवं बागवानी, योग, संगीत, नाट्य कला जैसे आयाम शामिल थे। बच्चों ने हर दिन नई चीजें सीखीं और अपने अंदर छिपी प्रतिभा को मंच दिया। समापन समारोह के दिन सभी विद्यालयों में अभिभावकों, समुदाय के लोगों, शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने जहां अपने अनुभव साझा किए, वहीं अभिभावकों ने अपने बच्चों की रचनात्मकता को देखकर गर्व और प्रसन्नता जताई। पीएम श्री विद्यालय, मोरटी में समापन समारोह की अध्यक्षता श्रीमती कविता चौहान ने की। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। अभिभावकों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। कंपोजिट विद्यालय, गढ़ी कट्टैया में स्त्रूष्ट अध्यक्ष ने मुख्य अध्यक्ष की भूमिका निभाई। यहां अभिभावकों के लिए अलग से प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें उन्होंने न केवल भाग लिया बल्कि समर कैंप की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताई। कंपोजिट विद्यालय, करहड़ा, मोहन नगर में मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह ने बच्चों को अनुशासन, आत्मनिर्भरता और समर्पण के मंत्र दिए। उन्होंने छात्रों को जीवन में सफलता के लिए इन गुणों को अपनाने की सलाह दी। कंपोजिट विद्यालय, काकड़ा, मुरादनगर में समापन कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्री जमुना प्रसाद की उपस्थिति रही। बच्चों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारियों, और जिला समन्वयकों की उपस्थिति ने समापन समारोह को गरिमा प्रदान की। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस समर कैंप को शिक्षा की एक नई दिशा देने वाला कदम बताया।

## अब घर बैठे मिलेगा आवंटन व म्यूटेशन लेटर, ईमेल और मोबाइल नंबर के जरिए आवंटी को मिलेंगे जरूरी दस्तावेज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अपने पहल पोर्टल के तहत एक नई डिजिटल व्यवस्था की शुरूआत की है, जिसके माध्यम से अब आवंटी अपने आवंटन पत्र और म्यूटेशन लेटर सीधे ईमेल के जरिए प्राप्त कर सकेंगे। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में यह सुविधा शुरू की गई है, जो पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अब किसी भी प्रॉपर्टी आवंटी को प्राधिकरण कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें आवेदन के समय अपने मोबाइल नंबर के साथ ईमेल आईडी भी दर्ज करनी होगी। इसके बाद संबंधित दस्तावेज पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे और ईमेल पर भेज दिए जाएंगे। इस प्रणाली के तहत जारी आवंटन पत्र पर एक त्तक्र कोड होगा, जिससे उसकी सत्यता की पुष्टि की जा सकेगी। इससे फजीवाड़े की संभावना समाप्त हो जाएगी। साथ ही आवंटी यह भी जान सकेंगे कि उनकी प्रॉपर्टी के एवज में कितनी राशि बकाया है और कब तक भुगतान करना है। जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य प्रणाली में पारदर्शिता लाना और लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए परेशान होने से बचाना है। वहीं प्राधिकरण के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि यह सुविधा उन शिकायतों का समाधान है, जिनमें लोग ऑफिस में एक सीट से दूसरी सीट तक भटकने की बात करते थे। पहल पोर्टल की लगातार समीक्षा की जा रही है और सभी कर्मचारियों से फीडबैक लेकर इसे और बेहतर बनाया जा रहा है।

## हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** जनपद के देहदा गांव में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित के सहयोगी सन्नी ऊर्फ अनुभव यादव को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपितों की तलाश में टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने हत्या में सहयोगी रहे सन्नी को ओल्ड टाइप, आयुध निमार्णी से गिरफ्तार के लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि एक वर्ष पूर्व हुई मारपीट के चलते उनकी व रोहित के साथियों के बीच रंजिश चल रही थी। बदला लेने के लिए वह और विक्की प्रशांत के साथ मिलकर रविवार रात को रोहित के घर गए थे। इस दौरान प्रशांत ने घर में घुसकर रोहित की मां व भाई को गोली मार दी।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप

**गाजियाबाद।** जनपद के मुरादनगर में थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती ने प्रेमी पर विवाहित होने की बात छुपाते हुए शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया। युवती ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एक युवती के अनुसार, उनकी मुलाकात मुरादनगर के रहने वाले युवक से हुई थी। उक्त युवक एक सैलून में काम करता था। मुलाकात कुछ समय बाद प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता का आरोप है कि उक्त युवक ने अपने शादीशुदा होने बात छिपाते हुए लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता जब भी शादी की बात करती तो आरोपित टाल देता था। करीब एक माह पूर्व युवती को प्रेमी के शादीशुदा होने के बारे में पता चला। युवती प्रेमी के घर पर पहुंची और हंगामा किया। युवती थाने पहुंची और आरोपित के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** रेहड़ी–पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी लोगों ने पुलिस, निगम कर्मचारियों और जनप्रतिनिधि पर परेशान करने का आरोप लगाया है। लोगों ने बताया कि वह इंदिरापुरम स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के पास 15 साल से रेहड़ी–पटरी लगाते हैं। इससे परिवार का भरण–पोषण कर रहे हैं। आरोप लगाया कि एक जनप्रतिनिधि के कहने पर रेहड़ी पटरी हटाई जा रही है। जनप्रतिनिधि के साथ पुलिस, निगम कर्मचारियों पर भी परेशान करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि रेहड़ी पटरी वालों से उगाही की जा रही है। लोगों ने बताया कि बिना नोटिस के ही रेहड़ी पटरी हटाई जा रही है। विरोध करने पर परेशान किया जा रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि पुलिस झूठे मुकदमे दर्ज कर रही है। लोगों ने प्रदर्शन कर अवैध उगाही करने पर जनप्रतिनिधि के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारी अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर लौट गए। प्रदर्शन करने वालों में शिव कुमार, नरेश कुमार, राजपाल, रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## संपत्ति कर में बेतहाशा वृद्धि पर पार्षदों का हल्लाबोल

**गाजियाबाद।** संपत्ति कर में तीन से दस गुना तक की बढ़ोतरी को लेकर शहर के पार्षदों में भारी आक्रोश है। मंगलवार सुबह पार्षद कक्ष में बुलाई गई बैठक में 30 से अधिक पार्षदों ने एक सुर में इस मनमानी वृद्धि का विरोध किया और महापौर से जल्द से जल्द सदन बुलाने की मांग की। बैठक में शामिल न होने वाले कई पार्षदों ने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से अपनी सहमति जताई। निर्णय लिया गया कि सभी पार्षद मिलकर महापौर को पत्र देंगे, जिसमें मांग की जाएगी कि इस मुद्दे पर सदन की आपात बैठक बुलाई जाए। सभी पत्र शनिवार तक संबंधित जॉन वाइस द्वारा एकत्र किए जाएंगे और सोमवार को महापौर को सौंपे जाएंगे। इस बढ़ोतरी के विरोध में वेलफेयर सोसाइटी और उद्योग व्यापार मंडल भी लगातार ज्ञापन और प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि ऐसा कोई प्रस्ताव सदन में कभी पारित नहीं हुआ, केवल पार्षद गौरव सोलंकी द्वारा चर्चा की गई थी।

# ब्लू मून होम्स सोसाइटी के जल स्त्रोतों की सफाई के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ब्लू मून होम्स सोसाइटी में दूषित जल की समस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने गंभीर कदम उठाया है। सोसाइटी में रहने वाले निवासियों की लगातार दूषित जल की शिकायतों के बाद, स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 जून 2025 को सोसाइटी के विभिन्न जल स्त्रोतों से 6 जल नमूनों को परीक्षण हेतु एकत्रित किया। परीक्षण परिणाम 8 जून 2025 को असंतोषजनक पाए गए, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सोसाइटी के प्रबंधक को 9 जून 2025 को नोटिस जारी किया। नोटिस में प्रबंधक को 3 दिनों के अंदर सोसाइटी के जल टैंकों की सफाई एवं अन्य सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश का पालन न होने पर और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला सर्विलान्स अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट गाजियाबाद ने यह जानकारी दी। साथ ही, जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान इस मामले की गंभीरता को रेखांकित किया, जिसमें एडीएम प्रशासन श्री रणविजय सिंह भी मौजूद रहे। गाजियाबाद में जल गुणवत्ता से जुड़ी इस समस्या पर स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और प्रभावी कार्रवाई को लेकर लोगों में उम्मीद जगी है कि अब जल्द ही जल समस्या का समाधान होगा और सोसाइटी के निवासियों को साफ पानी मिलेगा।

## सीजीएसटी में तैनात अधीक्षक और एक अधिवक्ता एक लाख रुपये की रिश्वतखोरी में गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सीबीआई ने अमरोहा सीजीएसटी में तैनात अधीक्षक और एक अधिवक्ता को एक लाख रुपये की रिश्वतखोरी में गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने कारोबारी से पेनल्टी से बचने के लिए चार लाख रुपये मांगे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत सीबीआई से कर दी। सीबीआई ने दोनों गिरफ्तार आरोपितों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अमरोहा निवासी गौरव सिरोही ने सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच को शिकायत देकर बताया था कि कोरोना काल में उन्होंने कंपनी का आईटीआर दाखिल कर दिया था लेकिन जीएसटी सस्पेंड चल रहा है। सीजीएसटी अमरोहा में तैनात अधीक्षक निशान सिंह ने उन्हें बताया कि जीएसटी सस्पेंड होने से 40-50 लाख रुपये पेनल्टी हो रही है।

# सीएम ग्रिड के 40 करोड़ के प्रोजेक्ट का यूरिडा ने किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मोहन नगर जोन में सीएम ग्रिड योजना के तहत 40 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों का मंगलवार को उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग की एजेंसी यूरिडा (अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी) की टीम ने निरीक्षण किया। डिप्टी सीईओ एके श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने कई स्थलों पर औचक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीईओ श्रीवास्तव ने कार्यों की धीमी रफ्तार पर असंतोष जताया और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि काम को तेज किया जाए ताकि समयबद्ध रूप से परियोजना पूरी की जा सके। टीम ने मोहन नगर बस स्टैंड से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन और शेषनाग द्वार से एलिवेटेड रोड तक हो रहे कार्यों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण में स्ट्रीट पोल के कार्य को प्रगति पर पाया गया, वहीं फुटपाथ निर्माण और वॉल स्टोन लगाने के कार्य की भी टीम ने जांच की। यूरिडा की टीम ने कार्य की गुणवत्ता को जांचा और सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्य को शीघ्रता से पूरा करने की सिफारिश की। इस दौरान निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त और महापौर के निर्देश पर कार्यों को तेज गति से कराया जा रहा है। टीम को फुटपाथ की सैंपलिंग और अन्य निर्माण गतिविधियों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद को एक सुंदर, सुव्यवस्थित और आधुनिक सड़क अवसंरचना देने का प्रयास जारी है। इस दौरान इंजीनियर अग्रिम गुप्ता, अद्वित जानी, कुमार तोमर, प्रीति जैन, सुधीर, प्रवीन भाटी, राजकुमार भाटी, अभिनव जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## आउटर रिंग रोड के निर्माण को मिली रफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आउटर रिंग रोड के निर्माण को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब 45 मीटर के बजाय 60 मीटर चौड़ी आउटर रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। यह निर्णय जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में लिया गया, जहां अर्जन विभाग को नया विस्तारित प्लान तैयार करने और उसे शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी सामने आया कि निर्माण कार्य में नूर नगर (553 मीटर), भोवापुर अटौर (1010 मीटर), और शाहपुर मोरटा (548 मीटर) में भूमि विवाद के कारण बाधाएं उत्पन्न हुई हैं। किसानों से सुलह की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि कार्य में कोई और देरी न हो।

## पुलिस आयुक्त ने किया शालीमार गार्डन थाने का औचक निरीक्षण




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने मंगलवार को शालीमार गार्डन थाना परिसर का अचानक निरीक्षण किया।

उनके साथ एडिशनल सीपी (अपराध) आलोक प्रियदर्शी और डीसीपी ट्रांस हिंडन निमीष दशरथ पाटिल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान थाने के विभिन्न विभागों और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने रजिस्टरों, अभिलेखों, सीसीटीएनएस प्रणाली, बैरक, मालखाना, शस्त्रागार, महिला डेस्क, और अन्य महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर विशेष बल दिया। सभी रजिस्टर और रिकॉर्ड समय पर और सही ढंग से अपडेट किए जाएं। थाना परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जनता के लिए प्रतीक्षा और विश्राम हेतु उपयुक्त विश्रामगृह बनाया जाए। थाने में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे हर समय क्रियाशील और मॉनिटरिंग के अंतर्गत रहें। पुलिस आयुक्त श्री गौड़ ने थाने में मौजूद स्टाफ को प्रोफेशनलिज्म और जनहित को सर्वोपरि रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि थाना जनता का पहला संपर्क बिंदु होता है, इसलिए यहां की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि लोगों को विश्वास और सुरक्षा का अनुभव हो। यह निरीक्षण पुलिस विभाग की ओर से पारदर्शिता और जनसंपर्क को बेहतर बनाने की ओर एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

# सेक्टर 36 में मलबे का अंबार लगने से नाराज अधिकारी ने, कांट्रेक्टर पर लगाया 50 हजार का जुमार्ना

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-36 में सड़क किनारे निर्माण मलबा का ढेर मिलने पर ठेकेदार कंपनी राइज इलेवन कंक्रीट प्रोडक्ट्स पर 50,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह कार्रवाई प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आर.के. भारती और वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह द्वारा मंगलवार को किए गए औचक निरीक्षण के दौरान की गई। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-36 के कई हिस्सों में निर्माण मलबा जमा पाया गया, जिससे न केवल क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, बल्कि सौंदर्यीकरण में भी बाधा आ रही थी। इस लापरवाही से नाराज होकर महाप्रबंधक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को फटकार लगाई और संबंधित कंपनी पर तत्काल आर्थिक दंड लगाया. यह राशि ठेकेदार के अग्रिम भुगतान से काटी जाएगी। प्राधिकरण ने कंपनी को चेतावनी दी है कि यदि अगली बार निरीक्षण के दौरान फिर से मलबा पाया गया तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। इसके साथ ही ठेकेदार को मलबा हटाने का नियमित रोस्टर जारी करने का निर्देश भी दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नागरिकों की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9870308811 भी उपलब्ध कराया है, जिस पर लोग अपने घरों या क्षेत्रों से निर्माण मलबा हटवाने की सूचना दे सकते हैं। यह नंबर राइज इलेवन कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा और सफाई में कोताही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर, योगी सरकार ने यूपीपीसीबी के कामकाज को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने का फैसला लिया है. इस योजना के तहत प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाएंगे। इसके अलावा, ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट, खतरनाक कचरा, ई-वेस्ट और मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के लिए अलग-अलग विशेष सेल बनाए जाएंगे। ये सेल स्थानीय स्तर पर कचरे के सही प्रबंधन को सुनिश्चित करेंगे।

